दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी

जीवन का गहनतम..... शोर कम समझ ज्यादा.....


वर्ष : 12 | अंक : 48 | लखनऊ, 09 फरवरी, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए





## खबर संक्षेप

### फुले की प्रतिमा तोड़ने वालों पर हो सख्ती: छगन




मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने तेलंगाना में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की निंदा की। उन्होंने इसे सामाजिक समानता की मूल भावना पर हमला बताया। भुजबल ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और दखल देने की मांग की। भुजबल ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### जैसलमेर में ट्रेन में धुएं से मची अफरा-तफरी



जैसलमेर। दिल्ली से जैसलमेर जा रही स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस में रविवार सुबह अचानक अफरा-तफरी मच गई। यहां ट्रेन के एक कोच के पहियों से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। धुआं दिखाई देते ही लोको पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### 25 किलो हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार



अमृतसर। सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में सीमा पार नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जखीरे के साथ 2 को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया कि बीएसएफ ने पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 25 किलो हेरोइन, 2 पिस्तौल और 60 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### असम में 14 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक अरेस्ट



गुवाहाटी। असम के कछार जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत सरमा ने बताया कि इस अभियान के दौरान 154 साबुन केस में छिपा कर रखी गई हेरोइन और 10,000 याबा टैबलेट जब्त की गई है। याबा टैबलेट भारत में अवैध हैं, क्योंकि इनमें मादक पदार्थ होता है, जो अवैध है।

### इग्नू में 10 से 13 फरवरी तक चलेगा प्लेसमेंट



नई दिल्ली। इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी मुक्त विश्वविद्यालय अपने वर्तमान स्टूडेंट्स एवं पुराने छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। यह प्लेसमेंट 10 से 13 फरवरी तक देश के विभिन्न राज्यों के सेंटर्स पर आयोजित होगा। जो नौकरी की तलाश में हैं वे तय तिथि में ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करके शामिल हो सकते हैं।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पर बोला वस्त्र उद्योग मंत्रालय

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला, इससे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ेंगे

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा जरवाजा खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा क ि इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं।




1. भारतीय निर्यतकों को होगा सीधा फायदा
2. भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए होगा सुलभ
3. अन्य देशों की तुलना में भारत मजबूत होगा

### भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे।



### 2030 के निर्यात लक्ष्य में होगा सहायक

सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है।

### परिधान के साथ फुटवियर और रसायन क्षेत्र को मिलेगी राहत

इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा। परिधान, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर और रसायन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को भी राहत मिलेगी। आयात शुल्क घटने से इन सेक्टरों के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उद्योग संगठनों का कहना है कि ऊंचे शुल्क के कारण हाल के महीनों में निर्यात प्रभावित हुआ था, अब स्थिति सुधर सकती है।




### उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान होगी

एमएसएमई और उपभोक्ताओं को सीधी राहत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को स्पष्ट किया कि यह ढांचा भारत के छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार में पहुंच आसान बनाएगा। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागत कम होगी। टैरिफ के गणित को समझाते हुए उन्होंने बताया कि अमेरिका मौजूदा 50 प्रतिशत के टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। इसके बदले में, भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क खत्म या कम करेगा। इन अमेरिकी उत्पादों में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट शामिल हैं।

### उधर, अटकलों का बाजार गरम

## रूस से तेल खरीद में बड़ी कटौती करेगा भारत!

अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। जानकारों ने बताया कि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है।

### समझौते पर बोले शाह

## मेक इन इंडिया और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को देश के तेज रफ्तार विकास इंजन को नया बल देने वाला कदम बताया है। 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने की दिशा में अहम है और इससे 'मेक इन इंडिया', किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप तथा मछुआरों को लाभ मिलेगा। युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### तेलंगाना स्पीकर को अंतिम चेतावनी

# विधायकों की अयोग्यता पर 3 हफ्ते में लें फैसला, नहीं तो कार्यवाही शुरू

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने को तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वो भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के अंदर निर्णय लें। कोर्ट ने साफ किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से मौखिक रूप से कहा कि इस मामले पर रील्स न बनाएं। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत विधानसभा अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा निर्धारित अवधि में निर्णय न लेने के कारण कोर्ट में अवमानना याचिकाएं दायर की गई थीं।



### राज्य सरकार ने मांगा 3 सप्ताह का समय

गौरतलब है कि 16 जनवरी को सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और मुकुल रोहतगी (तेलंगाना राज्य की ओर से) ने दो सप्ताह का समय मांगा था, जिसे कोर्ट ने यह उम्मीद जताते हुए मंजूर किया था कि कुछ प्रगति होगी। आज सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि एक मामले में फैसला हो चुका है, जबकि शेष दो मामलों में निर्णय आसन्न है और इसके लिए तीन सप्ताह का समय मांगा। उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका चुनावों के कारण समय लगा और दूसरी ओर से भी समय मांगा गया था।

### याचिकाकर्ता ने किया विरोध

याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वकील ने फिर से समय दिए जाने का विरोध किया और कहा कि स्पीकर पहले ही तीन बार समय ले चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और केवल एक ही सुनवाई क्यों हुई, यह सवाल उठाया। उनके अनुसार, कुछ मामलों में तथ्य निर्विवाद हैं- जैसे एक विधायक का कांग्रेस से लोकसभा चुनाव लड़ना/हारना और दूसरे मामले में विधायक की बेटी का कांग्रेस से जीतना-तो फिर निर्णय में देरी क्यों। 9 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट की एकल बेंच ने स्पीकर को चार सप्ताह में सुनवाई का कार्यक्रम तय करने का निर्देश दिया था। नवंबर 2024 में डिवीजन बेंच ने यह आदेश रद्द करते हुए कहा कि स्पीकर को उचित समय में निर्णय लेना चाहिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिकाकर्ताओं की अपील पर, जुलाई 2025 में शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट डिवीजन बेंच का आदेश रद्द कर स्पीकर को तीन महीने में निर्णय करने का निर्देश दिया था।

### पंजाब में बड़ा धमाका संभव

# भाजपा में 'वापसी' करेंगे सिद्धू! कौर ने राहुल को कहा 'पप्पू'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पंजाब की राजनीति में 2 महीनों से जारी अनिश्चितता और बयानबाजी के दौर का अंत आखिरकार एक बड़े धमाके के साथ हुआ है।



पूर्व विधायक डॉ. नवजोत कौर सिद्धू को कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल ने शुक्रवार को इसकी औपचारिक घोषणा की। इस निष्कासन से पहले ही नवजोत कौर ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। अब साफ है पार्टी अब सिद्धू परिवार की बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### कड़वाहट चरम पर पहुंची

पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाए जाने के बाद डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के तेवर और भी तल्ख हो गए हैं। उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल को 'पप्पू' कहकर संबोधित किया।

### पप्पू यादव की गिरफ्तारी पर बवाल

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन और सरकार का 'पुतला' फूंका

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के



खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को राजनीतिक साजिश बताया। कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका और आरोप लगाया कि विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सत्ता पक्ष दमनात्मक कार्रवाई कर रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है।

### कांग्रेस को हमेशा साजिश दिख रही: चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पप्पू यादव के मामले पर कहा कि- हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है। जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। किसी को यूं अरेस्ट नहीं करते।

## ट्रेनी विमान क्रैश, सभी सुरक्षित



विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर क्षेत्र में रविवार को एक ट्रेनी विमान क्रैश हो गया। गनीमत रही कि विमान में सवार दोनों लोग बाल-बाल बच गए हालांकि हादसे में उन्हें चोटें आई हैं और पास के अस्पताल में उनका इलाज जारी है। विमान रेड बर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग का था। बाबलेश्वर पुलिस स्टेशन की टीम ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

### गोगोई मामले में एसआईटी रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री सरमा का दावा

# पाकिस्तान से सीधे संबंधों के मिले सबूत, एमएचए करे जांच

## इसमें सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति हो गई तेज

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**केंद्रीय एजेंसी से जांच को लिखा**

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान लिंक को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में सियासत और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी तेज हो गई है।असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एसआईटी की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए दावा किया है कि एसआईटी रिपोर्ट में अली तौकीर शेख एलिजाबेथ गोगोई और गौरव गोगोई तीनों के पाकिस्तान से सीधे संबंध होने के सबूत मिले हैं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट देखकर कैबिनेट मंत्री भी हैरान रह गए। सरमा ने कहा कि असम पुलिस की एसआईटी ने इस मामले की जांच की और रिपोर्ट सरकार को सौंपी। अब इसकी जांच केंद्रीय एजेंसी से कराई जाएगी।



### गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से संबंध

सरमा ने गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न को लेकर गंभीर आरोप लगाए। सीएम का कहना है कि गौरव की पत्नी के पाक से संबंध रहे हैं। एलिजाबेथ मार्च 2011 से मार्च 2012 तक पाक में काम कर चुकी हैं। उनके परिवार के संबंध अली तौकीर शेख के साथ बहुत घनिष्ठ, जो कथित तौर पर पाकिस्तान के हितों के लिए काम करता रहा है।

**पाकिस्तान दूतावास की तस्वीर का जिक्र**

सरमा ने एक पुरानी तस्वीर का भी जिक्र किया, जिसमें गौरव कुछ युवाओं को लेकर भारत में पाकिस्तान के दूतावास गए थे। उस समय भारत में पाकिस्तान के उच्चायुक्त अब्दुल बासित थे।

### गोगोई ने हिमंता पर साधा निशाना

### यह सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर

गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली और असम के उन पत्रकारों पर मुझे तरस



आता है जिन्हें सदी की सबसे फ्लॉप प्रेस कॉन्फ्रेंस झेलनी पड़ी। यह किसी सी-ग्रेड फिल्म से भी बदतर थी। मुख्यमंत्री ने बेहद बेतुके और झूठे तर्क दिए। यह सुपरफ्लॉप हमारी 'यात्रा' के बिल्कुल विपरीत है, जो मुख्यमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कब्जा की गई 12,000 बीघा जमीन का पर्दाफाश करने में सफल रही है।

### यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा

# बस से उतरे कई यात्रियों को कंटेनर ने कुचला, 6 की मौत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 6 लोगों की जान चली गई। यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 88 के निकट कंटेनर द्वारा कुचलने से 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा शनिवार तड़के करीब 2:45 बजे हुआ। यात्री बस से नोएडा से आगरा की ओर जा रहे थे और बस रुकने पर लघु शंका को उतरे थे। बस नोएडा से आगरा की ओर जा रही थी। बस रुकने पर यात्री उतरकर लघु शंका के लिए जा रहे थे, तभी एक कंटेनर ने यात्रियों को कुचल दिया। एक गंभीर रूप से



घायल हो गया है। लोगों ने कंटेनर के नीचे से सभी को निकाला। हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा जाएगा। परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।

# बुंदेलखंड के लिए वरदान बना जल जीवन मिशन, सिर से उतरा घड़ा और घर-घर पहुंची पाइपलाइन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुंदेलखंड के लोगों के लिए यह किसी सपने से कम नहीं कि आज उन्हें उनके घर में ही पानी मिल रहा है। इस क्षेत्र में पानी की किल्लत से भुखमरी और गरीबी की जाने कितनी कहानियां हैं। सिर पर घड़ा रखकर दूरदराज से पानी लाती एक महिला की तस्वीर ही यहां के जिलों की पहचान बन गई थी। सालों साल तक यहां की महिलाओं ने पानी का संकट भुगता है। दूरदराज के कुंओं तक जाकर पानी खींचने के साथ ही हैंडपंप पर पानी के लिए लाइनें लगाई हैं। लेकिन अब यह सब अतीत की बातें हैं। अब सड़कों पर दूर से ही दिखनेवाली पानी की टंकियां उम्मीदों की जलधारा हैं। बात महोबा की करें तो यहां के लोगों ने पानी की किल्लत से लंबे समय तक दुर्दिन भरे



दिन देखे हैं। कभी यहां वाटर ट्रेन से पानी पहुंचाने की नौबत आ गई थी। लोग घड़ा भर पानी के लिए जाने कहां-कहां तक भटकते थे। अब यहां दूर से ही दिखाई देने वाले वाटर टैंक नई कहानी कहते हैं। इस जिले में जल जीवन मिशन के तहत पांच परियोजनाओं के सहारे एक लाख 12 हजार से अधिक घरों को पाइपलाइन की कनेक्टिविटी दी जा चुकी है। हालांकि इसके लिए 1131 किलोमीटर सड़कों को क्षतिग्रस्त किया गया। क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के दौरान लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना अवश्य करना पड़ा। महोबा के अरशद कहते हैं कि कोई योजना शुरू होने पर थोड़ी-बहुत परेशानी तो होती ही है। लेकिन, अब हर घर नल यहां के लिए एक बहुत बड़ी उम्मीद है। चित्रकूट में सिलौटा ग्राम मुस्तकिल समूह योजना की बात करें तो इससे जुड़े विकास खंड पहाड़ी, रामनगर और मानिकपुर में सवा लाख लोगों के लिए पानी की समस्या खत्म हो गई है। मानिकपुर के उन लोगों का दर्द महसूस कीजिए जो कभी लगभग एक किमी दूर से पानी लाया करते थे।...और इस समस्या की वजह से वहां लोग अपनी बेटियां ब्याहने को आसानी से तैयार नहीं होते थे। उनके लिए यह पानी जिंदगी है, बच्चों का भविष्य है। योजना के तहत पूरे क्षेत्र में 576 किमी की पाइप लाइन बिछाई जानी है, जिसमें 572 किमी बिछा दी गई है। 17 ओवरहेड टैंक हैं जहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से रोज पानी लाया जा रहा। यमुना नदी से पानी लाकर इस प्लांट में संशोधित करके टैंकों में चढ़ाकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जा रहा। बरहट की ग्राम प्रधान श्रीमती रज्जन देवी इस योजना का चर्चा करते हुए भावुक हो जाती हैं। कहती हैं कि हम योगी-मोदी सरकार के कृतज्ञ हैं कि उन्होंने हमारे बच्चों को बीमारियों से बचाने का इंतजाम कर दिया। हमारे बच्चे अब नहो-धोकर स्कूल जाते हैं। उनमें स्वच्छता का भाव स्वतः ही आने लगा है। चित्रकूट में सिलौटा के साथ ही रैपुरा, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजनाएं चल रही हैं और यह सारी योजनाएं उम्मीद की वह धारा हैं जिसके बारे में लोगों ने सोचा तक नहीं था। रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 19570 परिवारों को नल से पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इन सभी घरों में नल लग गए हैं और 60 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है।

## संक्षेप

### एप ठीक करवाने में मदद के बहाने खाते से उड़ाए 1.39 लाख

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक बैंक खाता धारक को जालसाज कालर ने निशाना बना पीएनबीआई एप ठीक करवाने में मदद के बहाने खाताधारक के बैंक खाते से 1.39 लाख रुपए पार कर हडप लिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बजरंग नगर निवासी आमोद कुमार पान्डेय पुत्र रामकुमार पान्डेय ने बताया उनका सेविंग खाता पंजाब नैशनल बैंक शाखा कृष्णानगर में संचालित है। बीते 28 जनवरी की दोपहर वह एप पीएनबीआई डाउनलोड करने की कोशिश कर रहे थे। उस दौरान कालर ने उनके पास फोन उनका एप ठीक करवाने में मदद करने के साथ स्क्रिन बंद ना करने की बात कह उसके खाते से 1.39 लाख रुपए सात बार में निकाल हडप लिए। वही पीडित का कहना था उसने खाते से पैसा निकलजाने की जानकारी होने पर बैंक शाखा सहित साइबर सेल व स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर जांच के बाद शनिवार को आईटी एक्ट की धारा मे रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

### आशियाना मे ई रिक्शा चोरी

करतूते सीसीटीवी कैमरे मे कैद

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे घूम रहे चोरों ने बीते चार दिन पूर्व रात्रि समय एक घर के बाहर खडा ई रिक्शा पार कर दिया। वही चोरों की करतूते पीडित के घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है। आशियाना थाना इलाके स्थित सेक्टर के निवासी दुर्गेश सिंह पुत्र स्व० सूरजपाल सिंह के अनुसार बीते 3 फरवरी मंगलवार को उनके आशियाना स्थित मकान पर उनका ई रिक्शा संख्या यूपी 32 एन एक्स 0947 खड़ा था जो चोरी हो गया। वही पीडित का कहना था चोरो की करतूते उनके घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है फुटेज मे दो चोर दिख रहे है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार शनिवार को पीडित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# हाउस टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ नगर निगम ने चलाया कुर्की का चाबुक, 19 बिल्डिंग और 32 दुकानें सील



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गृहकर बकाएदारों के विरुद्ध शनिवार को विशेष अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश परगृहकर बकाएदारों के विरुद्ध कुर्की भी हुई। नगर निगम जोन-आठ क्षेत्र में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेई, इब्राहिमपुर द्वितीय और राजा बिजली पासी प्रथम के अंतर्गत कुल 19 भवनों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों पर कुल बकाया गृहकर राशि 27,97,045 रुपये था। 11 भवनों से 9,45,505 रुपये की धनराशिजमा कराई गई, जबकि शेष बकाएदार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। विकास सिंह के निर्देशन में हुई कार्रवाई में कर निर्धारण अधिकारी दिव्यांशु पांडेय, कर अधीक्षक राम अचल, राजस्व निरीक्षक राजा भैया शामिल थे। वहीं मीरबाई मार्ग के हरि प्लाजा की राजस्व निरीक्षक देवीशंकर दुबे ने 32 दुकाकों को सील किया और 11 लाख जमा कराए गए।

# सहेली ने पति संग महिला से 17.65 लाख ठगे

## दिव्यांग भाई की नौकरी और लखनऊ में फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला से नौकरी लगवाने के नाम पर 17.65 लाख रुपये और करीब 8 तोला सोने के जेवर ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी दंपती और उनके परिजनों ने गृह मंत्रालय व चुनाव आयोग में अंदरूनी भर्ती का झांसा देकर वर्षों तक विश्वास में रखा, फर्जी इंटरव्यू और दस्तावेज सत्यापन का नाटक किया और बाद में धमकी देकर भगा दिया। कुम्हार मंडी, तेलीबाग निवासी सुधा सिंह के अनुसार, उनकी घनिष्ठ मित्र गीतांजली सिंह और उसके पति जीतेन्द्र सिंह ने वर्ष 2023 में परिचय के दौरान खुद को गृह मंत्रालय, दिल्ली में उच्च पद पर तैनात बताया। उन्होंने कोरोना काल की अंदरूनी भर्तियों का हवाला देकर कहा कि इच्छुक अभ्यर्थियों की कम पैसों में नौकरी लग सकती है। इस झांसे में आकर सुधा ने अपने विकलांग भाई नरेन्द्र सिंह की नौकरी के लिए 21 जनवरी 2023 को 25 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। पीड़िता का आरोप है कि भरोसा दिलाकर जीतेन्द्र सिंह ने कभी स्वयं तो कभी अपनी सास के माध्यम से कुल 8.25 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद रिश्तेदारों व परिचितों—वीरेन्द्र सिंह, संजय खड़का, वर्षा राना और रजनीश राना—से भी नौकरी लगवाने के नाम पर रकम मंगवाकर अपने खातों में ट्रांसफर करवा ली। कुल मिलाकर 15.65 लाख रुपये ऑनलाइन ले लिए गए, जिनके डिजिटल साक्ष्य उसके पास हैं। अप्रैल 2025 में आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों पर पीड़िता के परिजनों को दिल्ली इंटरव्यू के लिए बुलाया, लेकिन बिना किसी प्रक्रिया के लौटा दिया। 13 जून 2025 को शास्त्री भवन, दिल्ली के अंदर ले जाकर फर्जी दस्तावेज सत्यापन भी कराया गया। पीड़िता का कहना है कि उसे विकलांगता प्रमाणपत्र बनवाने के नाम पर जुलाई 2025 में तीन लाख रुपये नकद भी लिए गए। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर करीब 8 तोला सोने के जेवर भी गिरवी रखवा लिए गए। न प्रमाणपत्र बना, न फ्लैट मिला। जब पैसे वापस मांगे गए तो आरोपियों ने एक लाख रुपये का चेक दिया, जो बैंक में अनादरित हो गया। कुछ समय बाद जानकारी हुई कि आरोपियों ने इलाके के कई लोगों से इसी तरह ठगी की है और खाली खातों के चेक थमा दिए हैं। जब पीड़िता और अन्य लोग उनके घर पहुंचे तो पता चला कि वे सामान लेकर गुड़गांव चले गए हैं। गुड़गांव स्थित किराये के मकान पर पैसे मांगने पहुंची पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि गीतांजली सिंह, उसके पति जीतेन्द्र सिंह और माता-पिता ने सुनियोजित साजिश के तहत धोखाधड़ी की है। उसके पास लेन-देन के डिजिटल साक्ष्य, इंटरव्यू पत्र और अन्य दस्तावेज सुरक्षित हैं। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

# आशियाना के सर्वधर्म सम्मेलन और खिचड़ी भोज में उमड़ी भीड़

लखनऊ। आशियाना कॉलोनी के सेक्टर के स्थित द्विवेदी पार्क में रविवार को सर्वधर्म सम्मेलन और खिचड़ी भोज का कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह शामिल हुए। इस मौके पर कार्यक्रम में विभिन्न धर्म गुरुओं ने आपसे समाजस्य और एकता को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विधायक राजेश्वर सिंह ने पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए दो लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में पायनियर स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत पर नृत्य पेश कर जमकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। आशियाना परिवार के तत्वाधान में आयोजित सर्वधर्म सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक राजेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि पार्क के विकास के परिवार के लोगों ने एक लाख रुपए की मांग रखी है। उन्होंने इस पार्क के सौंदर्यीकरण के दो लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

# विश्नोई गैंग के नाम से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में दवा कारोबारी को विश्नोई गैंग के नाम से धमकी भरा पत्र भेजकर 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की पहचान बलिया जिले के खेजुरी थाना अंतर्गत बिसहर गांव व वर्तमान समय बिजनौर स्थित सीआरपीएफ कैंपस के पास सैनिक एंक्लेव में रहने वाले उमेश कुमार यादव के रूप में हुई। चिनहट के रोहित रेजिडेंसी, विकल्प खंड निवासी दवा व्यवसायी गौरव बत्रा के मुताबिक वह सरोजनीनगर के हिन्द नगर, कानपुर रोड स्थित करुण इंटरप्राइजेज नामक दवा गोदाम में प्रबंधक हैं। गौरव बत्रा का कहना है कि बीती 30 जनवरी की सुबह करीब साढ़े नौ बजे कार्यालय पहुंचने पर गार्ड सत्य नारायण ने उन्हें एक बंद लिफाफा सौंपा, जिसे रात में एक अज्ञात व्यक्ति दे गया था। लिफाफे पर हिंदी और अंग्रेजी में गौरव बत्रा का नाम लिखा होने के साथ ह्यकेवल वही खोलेंह्न अंकित था। पीड़ित का कहना है कि लिफाफा खोलते ही अंदर हाथ से लिखा पत्र मिला, जिसमें खुद को विश्नोई गैंग से जुड़ा बताते हुए 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। रकम न देने पर गौरव बत्रा, उनके गोदाम और कार्यालय कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इससे दहशत में आए गौरव ने पुलिस को तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच शुरू की। एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि करीब 100 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस को सुराग मिला कि धमकी देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि गोदाम का पूर्व सेल्समैन था। पुलिस ने आरोपी को बिजनौर के रहीमाबाद रोड से रविवार दोपहर करीब 12 बजे गिरफ्तार कर लिया। एसीपी के मुताबिक पूछताछ में आरोपी उमेश कुमार यादव ने बताया कि वह करुण इंटरप्राइजेज में काम करता था, लेकिन सेटलमेंट न मिलने के कारण अगस्त 2025 में नौकरी छोड़ दी थी। उसने बैंक से 7 लाख रुपये का लोन लिया था, जिसकी किस्तें न चुका पाने से वह परेशान था। तब फिल्मों और वेब सीरीज देखकर उसने रंगदारी का प्लान बनाया। इसके बाद उसनेयह हरकत की। फिलहाल पुलिस ने घटना में इस्तेमाल स्कूटी, हेलमेट और साल बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाकर नगदी व जेवरात के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर हाथ किया साफ

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात चोरों ने एक सेल्स मैनेजर के बंद मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नगदी व जेवरात के साथ एक बुलेट मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोजनी नगर के हिन्दूखेड़ा, अमौसी निवासी रईस अहमद के मुताबिक वह लखनऊ स्थित एक सीमेंट कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनका कहना है कि बीती 6 फरवरी शुक्रवार को वह अपनी पत्नी व बेटे के साथ पुत्रवधू को लेने फतेहपुर जिले के जहानाबाद गए थे। अगले दिन 7 फरवरी शनिवार की शाम करीब छह बजे जब वह वापस घर लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा होने के साथ अन्दर सारा सामान बिखरा और घर की लाइटें जलती मिली। जब उन्होंने घर के अंदर छानबीन की तो घर में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 32 पीयू 9388), अलमारी में रखे करीब 13 लाख रुपए कीमत के गहने और 2 लाख 70 हजार रुपये गायब मिले। साथ ही सीसीटीवी कैमरे टूटे होने के साथ घर में रखा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब मिला। पीड़ित ने आनन-फानन इसकी सूचना सरोजनी नगर पुलिस को दी। घटनास्थल देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि बेखौफ चोरों ने पीड़ित के दो मंजिला मकान को इत्मीनान से खंगाल कर घटना अंजाम दी होगी। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गयी है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री तान्या विवाह बंधन में बंधी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जनपद बाराबंकी के कंपनीबाग निवासी पांच बार के लोकसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री व समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य स्व. बेनी प्रसाद वर्मा बाबू जी की पौत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा की सुपुत्री एवं समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व गोंडा लोकसभा से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी श्रेया वर्मा की बहन तान्या बुधवार को सनिल संग परिणय सूत्र में बंध गई। विवाह समारोह का भव्य आयोजन लखनऊ के गोमती नगर में स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन एकेडमी में किया गया था। जिसमें काफी संख्या में बाराबंकी से लेकर आसपास के जनपदों से काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने शिरकत करी। समारोह में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ नेता



नेता और कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और चाचा शिवपाल यादव ने भी विवाह समारोह में शिरकत कर वर - वधू को शुभाशीष और बधाई दी। वहीं कानपुर में स्थित आयुध उपस्कर निमार्णी से किला मजदूर यूनियन के महामंत्री समीर बाजपेई भी साथियों संग बुधवार देर शाम विवाह समारोह में शामिल हुए और वर-वधू को नव दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर महामंत्री समीर बाजपेई ने वधू की बड़ी बहन सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा से मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। महामंत्री समीर बाजपेई ने फरवरी 2027 में संभावित उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर श्रेया वर्मा के लिए शुभेच्छा भी व्यक्त की। जिस पर श्रेया वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विवाह समारोह में प्रयागराज से पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव की पुत्री एवं प्रयागराज की हंडिया विधानसभा से समाजवादी पार्टी की पूर्व प्रत्याशी व सपा महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निधि यादव भी मौजूद रहीं। महामंत्री समीर बाजपेई ने निधि यादव से भी शिष्टाचार भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर महामंत्री समीर बाजपेई के साथ हरिश्चंद्र, राहुल अवस्थी, ए. के. तिवारी, विजय कुमार, राहुल वर्मा आदि रहे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र से बीते दिनों एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं किशोरी को बरामद कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक मजदूर ने बीते दिनों रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी दुकान से सामान लेने के लिए घर से निकली थी। लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद जब खोजबीन की गई, तब पता चला कि किशोरी को अमित कुमार यादव नामक युवक बहला फुसला कर अपने साथ कहीं भगा ले गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश




की जा रही थी। तभी शनिवार शाम मुखबिर की सूचना पर आरोपी को दरोगा खेड़ा स्थित आजाद गेस्ट हाउस के पास से पकड़ लिया गया। साथ ही किशोरी को भी उसके साथ बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बिहार प्रांत के भागलपुर जिला स्थित खरीक बाजार थाना अंतर्गत उस्मानपुर निवासी अमित कुमार बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह किशोरी के घर के पड़ोस में रहकर मजदूरी का कार्य करता था। तभी उससे प्यार हो गया और वह शादी करने के लिए किशोरी को अपने साथ भगा ले गया था। लेकिन बाद में किशोरी को उसके परिजनों से मिलाने के चक्कर में यहां लेकर आया था। फिलहाल पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया, जबकि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आकर कक्षा 6 के छात्र की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आकर कक्षा 6 के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिजनौर के अयोध्यापुरी फेस -3 में रहने वाले रविंद्र कुमार अपनी पत्नी शशि और तीन बेटे सानू (18), रितेश (16), सौरभ 15 और एक बेटी शालिनी (20) के साथ रहकर मजदूरी करते हैं। इनका सबसे छोटा बेटा सौरभ पास के ही गौतम बुद्ध स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। रविंद्र प्रयागराज में संगम स्नान करने गए थे, जबकि अन्य सभी परिजन घर में थे। इसी दौरान सौरभ दोपहर करीब 1 बजे छत के ऊपर नहाने के लिए गया था। वह छत के छज्जे पर लगी स्टील की ग्रिल के पास खड़ा था। तभी बगल से गुजर रही 11000 वोल्टेज विद्युत लाइन के तारों में अचानक शार्ट सर्किट हुआ और तार आपस में टकराकर ग्रिल में छू गए। जिससे उसकी चपेट में आकर सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि बाद में जानकारी होते ही परिजन उसे आनन फानन पास के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन की विस्तार बैठक में नए लोगों को दी गई जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और संगठनात्मक मजबूती को लेकर सक्रिय आदर्श पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने अपनी मासिक विस्तार बैठक में संगठन को नई दिशा देने के संकेत दिए। शनिवार को गोसाईगंज में आयोजित इस बैठक में न सिर्फ संगठन के विस्तार पर मंथन हुआ, बल्कि प्रदेश और जनपद स्तर पर कई अहम पदों पर नई नियुक्तियां कर संगठन को और अधिक मजबूत करने की पहल की गई। बैठक का आयोजन संगठन के संरक्षक राकेश कुमार पाण्डेय (संपादक, कैनविज टाइम्स) व राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चौहान




के निर्देशन में किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, पत्रकार हितों की रक्षा और प्रदेश व जनपद स्तर पर इकाइयों के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इरफान अब्बासी एवं संतोष शर्मा की सहमति से सचिव अस्वनी यादव ने कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। प्रदेश स्तर पर मिर्जा नासिर को प्रदेश उपाध्यक्ष और शिवा मिश्रा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। वहीं जनपद स्तर पर फुरकान राईन को जिला अध्यक्ष लखनऊ, मो. सईद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिव्यांशु त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र कुमार को सचिव एवं विष्णु नारायण पाण्डेय को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा अंकित यादव को जिला अध्यक्ष बाराबंकी नियुक्त किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, पत्रकारों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक के दौरान भविष्य की कार्ययोजना, पत्रकारों की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पत्रकार साथी डॉ0 राजपाल सिंह, मंसूर अहमद, अस्वनी यादव, मोनू वर्मा, रविन्द्र यादव, इन्द्रेश प्रताप, आदि लोग शामिल हुए।

# महिला का बैग चोरी घटना सीसीटीवी में कैद

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित मनसा पैलेस में आयोजित एक मेहंदी समारोह के दौरान चोरों ने महिला का बैग पार कर दिया। बैग में रखा आईफोन, सोने की चेन, अंगूठी, नकदी और महंगा ब्रांडेड पर्स चोरी कर लिया गया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता ने पीजीआई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कृष्ण नगर निवासी नंदू यादव पुत्री सुरेश बाबू यादव जो क्ुिं की पढ़ाई कर रही है शनिवार रात विराट हॉस्पिटल के सामने स्थित मनसा पैलेस में मेहंदी फंक्शन में शामिल होने आई थीं। रात करीब 9:40 बजे उन्होंने अपना बैग हॉल में कुर्सी पर रखकर डांस करने चली गईं। करीब 10 बजे जब वह वापस लौटीं तो बैग वहां नहीं मिला। बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक पहले बैग उठाते दिखाई देते हैं। चोरों ने बैग उठाकर बालकनी से नीचे फेक दिया फिर नीचे आकर बैग लेकर फरार हो गए बैग में आईफोन 14 7317740795), सोने की चेन, अंगूठी, करीब पांच हजार रुपये नकद और लगभग 20 हजार रुपये कीमत का ब्रांडेड पर्स रखा था। परिजनों ने बताया कि सीसीटीवी में पहले चोरों ने समारोह में आकर खाना खाया फिर मौका देखते ही चोरी की। स्थल के कर्मचारियों से पूछताछ की गई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। घटना के बाद पीड़िता ने पीजीआई थाने में तहरीर देकर चोरी का मुकदमा दर्ज करने और सामान बरामद कराने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# संक्षेप

## नगदी व लाखो के जेवरात समेत किशोरी हुई लापता

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। दुकान मालिक की बहन को एक किराएदार बहला फुसलाकर भगा ले गया पीड़ित ने नगदी जेवर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के ही अन्य गांव निवासी एक युवक उसके मकान में पिछले 2 वर्षों से दुकान चलाता था जो बीते 7 फरवरी की शाम को उसकी 17 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया है जो अपने साथ 50,000 की नगदी तथा सोने चांदी के लांखो रुपए कीमत के जेवरात भी लेकर चली गई है।पीड़ित ने एक फोन नम्बर भी पुलिस को बताया है कहा है आरोपी का नम्बर घटना के बाद से बंद है।दुखी भाई ने कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।वही ग्रामीणों में चर्चा है कि आरोपी युवक अक्सर दुकान मालिक के घर पर ही रहता था तथा युवक का दुकान मालिक के साथ काफी करीबिया थी किंतु घटना के बाद लोग जिसमें खाया उसी पत्तल में छेद करने वाली कहावत कहते हुए सुने जा रहे है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

उन्नाव। लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार युवक घायल हो गये। एंबुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के रायसिंहखेड़ा गांव निवासी संतोष 30 पुत्र राम प्रसाद बाइक से गांव के ही मनोज 28 पुत्र अर्जुन को लेकर लखनऊ गया था। दोपहर में लौटने के दौरान सोहरामऊ थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर आशाखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मनोज को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल संतोष ने बताया कि वह मनोज के साथ बाइक से पिता की दवा लेने लखनऊ गया था।

## वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवक ने महिला से की छेड़ छाड़

बीघापुर, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरे ही गांव का व पड़ोसी युवक संजय पुत्र केशन पाल चोरी छुपे मेरा वीडियो बना रक्खा है मुझे जबरन बात करने का दबाव करता है और रास्ते में लगातार मेरे साथ छेड़खानी किया करता है मना करने पर मुझे गंदी-गंदी गालियां व जान से मार देने की धमकी देता है मुझे वीडियो वायरल कर देने की बात को कह कर लगातार मुझे गुमराह करता रहता है महिला के द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ छेड़खानी सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# फ्री मेडिकल कैंप में उमड़ा जनसैलाब सैकड़ों मरीजों का मुफ्त इलाज

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 'खैरुल बशर फ्री मेडिकल कैंप' का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और आस-पास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श का लाभ उठाया। नगर के लखनऊ मार्ग पर स्थित के० बी० मेडिकल हाल में अली अहमद एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित ?खैरुल बशर फ्री मेडिकल कैंम्प का मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना था, जो आर्थिक तंगी या जानकारी के अभाव में बड़े अस्पतालों तक नहीं पहुँच पाते। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा यश भारती सम्मान से सम्मानित प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद एडवोकेट द्वारा किया गया। जिन्होंने इस प्रयास की जमकर सराहना की। ?अहमद ने कहा कि समाजसेवी रईस खां द्वारा किया जा रहा समाजसेवा का कार्य बहुत ही सराहनीय है।इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहने चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस मेडिकल कैंम्प में कानपुर जैसे बड़े शहरों से आए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएँ दीं। जिनमें डायबिटीज रोग, न्यूरोसर्जन, हड्डी रोग, पेट रोग, छाती रोग, नाक कान गला रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग, सहित अनेकों अन्य बीमारियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। ?कैंप की खास बात यह रही कि यहाँ केवल परामर्श ही नहीं, बल्कि शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी बुनियादी जांचें भी निःशुल्क की गईं। साथ ही, डॉक्टरों द्वारा लिखी गई अन्य आवश्यक जांचें भी मरीजों की किफायती दरों पर कराई गयीं। नगर वासियों और ?क्षेत्रीय लोगों ने इस कैंप के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।एक लाभार्थी ने बताया, ₹हमें घर के पास ही बड़े डॉक्टरों को दिखाने का मौका मिला यह हमारे लिए बड़ी राहत की बात है।₹ ?इस कैम्प के आयोजक व प्रमुख समाजसेवी रईस खान ने बताया कि 'खैरुल बशर' मिशन के तहत भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में परेशान न हो। उन्होंने सभी सहयोगी डॉक्टरों और वालंटियर्स का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी मेहनत की। इस मौके पर कानपुर नगर के विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ फहाद वसीम, डॉ शाहिद लारी, डॉ शाद लारी, डॉ अजहर अंसारी, डॉ दानिश, डॉ मुबारक अली, डॉ मुदस्सिर जावेद, डॉ बेनजीर, के साथ ही मुशीर आलम खां, रईस खां, सैयद सगीरुल हसन उर्फ मुन्ना भाई, दिनेश कुमार एडवोकेट, संदीप कुमार, पूर्व विधायक बदलू खां, डॉ मुन्ना अल्वी, डॉ मो०इरफान, मजीद खां, निशात आरिफ उर्फ बब्लू, फरीद अहमद, मो० आफताब, मजीद खां, मुजीबुर्रहमान लाला, व समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित काभी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मीडिया ओलम्पिक में स्वर्ण जीतकर बढ़ाया जिले का मान

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जा रहे मीडिया ओलम्पिक के तीसरे संस्करण में उन्नाव जिले के सफीपुर कस्बा निवासी पत्रकार एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास सिंह ठाकुर ने 2 गोल्ड सहित कुल 5 पदक जीतकर कस्बे का मान बढ़ाया।

बताते चले मीडिया के खिलाडियों को और अधिक खेल स्पर्धा में भाग लेने के लिए द इंडियन व्यू की ओर से आयोजित मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण में दूसरे दिन अनेकों प्रतियोगिताएं हुई जिसमें 50 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ 1 किलोमीटर 2 किलोमीटर सहित एथलेटिक्स, कैराम चेस सहित कई प्रतियोगिताएं हुई जिसमें विकास सिंह ठाकुर ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए फुटबाल सूटआउट एवं लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया 200 मी सहित कई प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजक पदक जीता मीडिया ओलंपिक में पदक जीतने की जानकारी मिलते ही जनपद के पत्रकार खिलाडियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने विकास सिंह ठाकुर को स्वर्ण पदक दिया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युजय सिंह, यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष हेमंत तिवारी, द इंडियन व्यू के प्रधान सम्पादक राघवेंद्र सिंह, सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# महिला हुई लापता पति ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पति द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार उसका विवाह 25 नवंबर 2025 को लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के एक युवती से हुई थी। शादी के बाद वह अपनी पत्नी के साथ गांव में ही रह रहा था। आरोप है कि उसकी पत्नी छिप-छिपाकर किसी अज्ञात व्यक्ति से फोन पर बातचीत करती थी। जब इस संबंध में उसने पूछताछ की तो पत्नी ने फोन न होने की बात कही, लेकिन वह घर के अन्य सदस्यों का फोन लेकर बातचीत करती थी और बाद में कॉल डिलीट कर देती थी। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच एक-दो बार विवाद भी हुआ था।पति ने बताया कि 5 फरवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे उसकी पत्नी बिना किसी को बताए घर से चली गई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उसके जाने की तस्वीरें भी कैद हुई हैं। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका।आशंका है कि जिस अज्ञात व्यक्ति से महिला फोन पर बात करती थी वहीं उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पति की तहरीर पर केस दर्ज कर महिला की तलाश के साथ-साथ सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरवा नोखेलाल खेड़ा गांव में 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक लवकुश (23) पुत्र सोहन लाल ने अपने घर से लगभग 500 मीटर दूर एक आम के पेड़ पर मफलर के सहारे फांसी लगा ली। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा, जिसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की।परिजनों के अनुसार, लवकुश खेती-किसानी का काम करता था। परिवार ने किसी विवाद या तनाव की जानकारी से इनकार किया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है और परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।



लवकुश अपनी पांच बहनों में इकलौता भाई था और सबसे छोटा था। वह परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग करता था। उसकी असामयिक मृत्यु से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।सोहरामऊ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा और कब्जे में लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं, लेकिन अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# बाइक सवार मां बेटे को डंपर ने मारी टक्कर मां की मौत बेटा घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में लखनऊ कानपुर हाईवे पर मुर्तजानगर के कटरा मन्दिर के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार माँ बेटे को टक्कर मार दी। जिसमें महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि बेटे का उपचार चल रहा है। रविवार दोपहर अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव की रहने वाली (50) वर्षीय सरिता पत्नी संजय अपने बेटे शिवम के साथ शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने बाइक से जा रही थी। इसी दौरान कुमेदानखेड़ा के चल रहे डामरीकरण के कारण हाईवे पर लगी वाहनों की कतार को देखकर शिवम बाइक रोड के किनारे कच्चे फुटपाथ से निकलने लगा जैसे ही दोबारा उसने बाइक रोड पर चढ़ाई पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे रौंद दिया। बाइक डंपर के नीचे जाकर फस गई। जिसमें मां बेटे बाइक सवार मां बेटे को डंपर ने मारी टक्कर मां की मौत बेटा घायल गंभीर रूप से घायल हो गए घटना के आधे घंटे बाद पहुंचे हलके के दरोगा शिवपाल ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां उपचार के दौरान डॉक्टरो ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवम का उपचार चल रहा है। घटना से आहत पति संजय पुत्र शिवम शुभम शनी सहित परिजनों का करो कर बुरा हाल है। घटना के बाद हाईवे पर 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने डंपर को पकड़ लिया गया है चालक घटना के बाद भाग गया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# खाटू श्याम की निशान यात्रा का भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में फागुन मास के अवसर पर श्री श्याम निशान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम परिवार, उन्नाव द्वारा आयोजित यह यात्रा इस वर्ष अपनी 10वीं निशान यात्रा के रूप में संपन्न हुई, जिसमें भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

यात्रा के लिए सुबह से ही भक्तजन हाथों में रंग-बिरंगे निशान और सिर पर केसरिया पगड़ी पहने एकत्र होने लगे। ढोल-नगाड़ों, भजनों और कीर्तन के साथ ₹जय श्री श्याम₹ के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भक्तों ने बाबा श्याम के नाम का गुणगान करते हुए नृत्य किया।

इस वर्ष 1100 निशान बाबा श्याम को अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं का मानना है कि फागुन मास में बाबा श्याम की निशान सेवा करने से कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भक्तों ने अपने दुख और इच्छाएं निशान में अर्पित कर बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शरबत, पानी और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी।निशान यात्रा की शुरूआत माता दीन श्याम मंदिर (लक्ष्मी टॉकीज के सामने) से हुई। यहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए माँ पूर्णा देवी धाम बाईपास स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। मंदिर में भक्तों ने बाबा के दरबार में निशान अर्पित किए और भव्य आरती व पूजा संपन्न हुई।यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए यातायात को नियंत्रित किया गया, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा। इस निशान यात्रा ने उन्नाव शहर को भक्ति और उत्सव के रंग में रंग दिया। बाबा श्याम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा गंजमुरादाबाद स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी व लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा एक के मोहम्मद अयान, कक्षा दो के अंशराज वर्मा, कक्षा पांच के कुणाल राठौड़ तथा कक्षा ग्यारह के शिवम आदि विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श कुमार पांडेय एवं विद्यालय की अध्यक्ष सूबिया बानो ने पुरस्कार प्रदान किए। अध्यक्ष सूबिया बानो ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञान व आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। समारोह में अशोक शर्मा, आशीष यादव सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मार्ग दुर्घटना घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत


अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के उचगांव- भोजपुर मार्ग पर नारायणदास खेड़ा के सामने 6 फरवरी शुक्रवार 3 बजे हुई सड़क दुर्घटना में घायल 80 वर्षीय बुजुर्ग विश्वनाथ की इलाज के दौरान शनिवार रात मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। ऊंचगांव भोजपुर मार्ग पर नारायणदास खेडा गाँव के सामने बाइक सवार ने भोलाखेडा निवासी विश्वनाथ को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी थी। विश्वनाथ सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पुलिस ने उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था जहां इलाज चल रहा था इलाज के दौरान शनिवार रात उनकी मौत हो गई। विश्वनाथ 6 फरवरी को बाजार से बाल कटिंग करा कर घर पैदल वापस आ रहे थे। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा मृत्यु की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है ।तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।बाइक पुलिस कस्टडी में है। मृतक के पाँच पुत्र रामबाबू, लालता प्रसाद, विनोद, राकेश व अनिल है। पत्नी फुला देवी सहित पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

# युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरारपुर में सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां जानवरों के लिए बने बाड़े में बांस से रस्सी का फंदा लगाकर 24 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधेश पासी सुबह जब बगले में गाय खोलने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने अपने 24 वर्षीय पुत्र श्यामू को बाड़े में बांस से रस्सी के सहारे लटका हुआ देखा। यह दृश्य देखते ही उनके होश उड़ गए। पिता की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मां सुनीता, बड़ा भाई रामू, बहनें रेखा, सोनी और रीता पहुंचीं, जहां शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया।पिता अवधेश पासी ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र श्यामू मानसिक रूप से विक्षिप्त था और शराब का आदी भी था। नशे की हालत में वह अक्सर आत्महत्या की धमकी देता था। इससे पहले भी वह दो बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया था। घटना की सूचना पर दरोगा गंगा प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही फॉरेंसिक टीम देवराज सिंह राहुल चौधरी ड्राइवर सचिन सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नागेश्वरनाथ मंदिर में गूंज रही रामकथा मची भक्ति की धूम

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर राजधानी से महज 40 किमी की दूरी पर स्थित प्रसिद्ध श्री नागेश्वरनाथ महादेव मंदिर (साईं नदी तट, लोधाटिकुर) में रविवार से भव्य धार्मिक आयोजन शुभारंभ किया गया श्री श्री 108 अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ के समापन के उपलक्ष्य में यहाँ साप्ताहिक श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन किया जा रहा है आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ अग्नि प्रवेश एवं मण्डप प्रवेश के साथ हुआ 11 फरवरी को कथा का विश्राम होगा, जिसके बाद 12 फरवरी को मनमोहक सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। 14 फरवरी को झांकियों के विराम के साथ यज्ञ की पूणार्हुति दी जाएगी। समापन के अवसर पर 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

संतों का सानिध्य:

इस अनुष्ठान के प्रेरक श्री श्री 1008 श्री वैदेही वल्लभ शरण जी महाराज (बावन जी मंदिर, अयोध्या) और कार्यसेवक श्री श्री 108 श्री महंत बाबा मंगलशरण जी महाराज (अयोध्या वासी) हैं। महाराज जी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा और हनुमान जी की प्रेरणा से यह आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने समस्त भक्तों से तन-मन-धन से सहयोग कर पुण्य के सहभागी बनने की अपील की है।

व्यवस्था में जुटे ग्रामीण:

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोधाटिकुर के ग्रामवासी और क्षेत्र के श्रद्धालु दिन-रात जुटे हुए हैं। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि इस यज्ञ से क्षेत्र में शांति और समृद्धि आएगी।

# एफ एम जी ई परिक्षा उत्तीर्ण कर युवक ने जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। जनपद का इतिहास पन्नों में तो पढ़ा ही होगा लेकिन आज भी इतिहास रचने में उन्नाव कि बेटी व बेटे कही पीछे नही है।जनपद के थाना औरास के दिपवल रतन खेड़ा के निवासी डॉक्टर रिजवान अली ने विदेशी चिकित्सा स्नातक प्रवेश परिक्षा जनवरी 2026 में सफलता प्राप्त कर के अपना ही नहीं बल्कि माता पिता गाँव जिले का नाम रौशन कर दिया है। ओ एस एच स्टेट यूनिवर्सिटी में एम बी बी एस कि डिग्री प्राप्त करने वाले रिजवान अली ने मेडिकल कॉउंसलिंग ऑफ इंडिया कि इस कठिन परिक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने व अपनो के सपनों को साकार किया है। डॉक्टर रिजवान अली के वालिद का कहना है कि मेरी दुआ व मेरे बेटे कि मेहनत और लगन व मेरे सहयोग का ये फल हैं। पता चला है कि रिजवान अली ने विदेश में कड़ी मेहनत के बाद भारत लौटकर इसी परिक्षा कि तैयारी कर लिया है। और अब डॉक्टर रिजवान अली भारत में चिकित्सक के रूप में सेवा देने के लिए तैयार है। स्थानीय लोगों ने डॉक्टर रिजवान अली को दिली मुबारकबाद देने के लिए उमड़ा जनसैलाब और बधाई दी लोगों में चर्चा का विषय है कि यूवाओं के लिए प्रेरणा दायक है।ये परीक्षा उत्तीर्ण होने से भारत में प्रेक्टिस करने का रास्ता मिलेगा। डॉक्टर रिजवान अली कि यह कामयाबी गाँव जिले के लिए गौरव का विषय है।

## पति-पत्नी के 21 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जयप्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 08, थाना सोहरामऊ, थाना बांगरमऊ से 03-03, थाना अचलगंज से 02, थाना आसीवन, थाना पुरवा, थाना सफीपुर, थाना बारासगवर, थाना कोतवाली सदर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, अवसार अली व डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह, उप निरीक्षक कंचन सिंह, उप निरीक्षक रेखा देवी, पूजा, पूजा मीनू, नीतू शालिनी, शकुंतला, तरूण, पूनम, रंजना, सुहावना सेविका का विशेष योगदान रहा।

## सम्पादकीय

# किताबों को सियासी अखाड़ा नहीं बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाएं

लोकतंत्र में किताबें विचारों का माध्यम होती हैं, लेकिन जब वही किताबें राजनीति का अखाड़ा बन जाएं, तो यह चिंता का विषय हो जाता है। हाल के दिनों में तीसरे पक्ष या पूर्व अधिकारियों द्वारा लिखा गई किताबों को लेकर संसद से लेकर सड़कों और सोशल मीडिया तक जिस तरह का शोर मचा है, उसने लोकतांत्रिक विमर्श की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विचारों पर बहस के बजाय आरोप-प्रत्यारोप और बदनाम करने की राजनीति हावी होती दिख रही है। तीसरे पक्ष द्वारा लिखी गई किताबें किसी सरकार या संस्था का आधिकारिक दस्तावेज नहीं होतीं। वे लेखक की सोच, उसके अनुभव और उसक समय की परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। ऐसे में काल, समय और संदर्भ को समझे बिना वर्षों पुराने प्रसंगों को वर्तमान राजनीति से जोड़ना न तो सत्ता पक्ष की समझदारी है और न ही विपक्ष की जिम्मेदारी। दुर्भाग्य यह है कि दोनों ही पक्ष इन किताबों को अपने-अपने राजनीतिक हितों के हिसाब से इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं। संसद में किताबों को लेकर हुए हालिया विवाद के बाद सोशल मीडिया पर अपुष्ट खबरों और अधूरी जानकारियों की बाढ़ सी आ गई है। बिना पूरी किताब पढ़े, बिना तथ्यों की पुष्टि किए, चुनिंदा पंक्तियों को आधार बनाकर माहौल बनाया गया। यह प्रवृत्ति न केवल जनता को भ्रमित करती है, बल्कि संसद जैसे सर्वोच्च मंच की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है। जहां जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, वहां नेता एक-दूसरे की नीयत पर सवाल उठाने में उलझे नजर आते हैं। पूर्व अधिकारियों, विशेषकर सेवानिवृत्त सैन्य प्रमुखों द्वारा लिखी गई किताबें स्वाभाविक रूप से संवेदनशील होती हैं। हाल ही में जनरल एम. एम. नरवणे की किताब को लेकर उठा विवाद इसका स्पष्ट उदाहरण है। ऐसी किताबें सत्ता पक्ष को असहज कर सकती हैं, क्योंकि वे नीतियों, निर्णयों और दावों पर सवाल उठाती हैं, लेकिन असहज सवालों से बचने के लिए हंगामा खड़ा करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का परिचायक नहीं कहा जा सकता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की बुनियाद है। किसी लेखक को अपने अनुभव और विचार साझा करने का अधिकार है। जब ऐसी किताबों को लेकर सेंसरशिप की मांग उठती है या सदन में शोर-शराबा किया जाता है, तो यह संकेत देता है कि विचारों से टकराने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की जा रही है। यह प्रवृत्ति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए घातक है। किताबों पर होने वाली राजनीति अक्सर दोहरे चरित्र को उजागर करती है। सत्ता पक्ष इन्हें गैर-जिम्मेदार या भ्रामक बताकर खारिज करने में जुट जाता है, जबकि विपक्ष इन्हीं किताबों को सरकार को घेरने का औजार बना लेता है। दोनों ही स्थितियों में सच्चाई, तथ्य और संतुलन कहीं पीछे छूट जाते हैं। कई बार इन विवादों का असली उद्देश्य जनहित नहीं, बल्कि तात्कालिक राजनीतिक या चुनावी लाभ होता है। इस राजनीतिक शोर का सबसे बड़ा नुकसान संसद को होता है। संसद का समय देश की सबसे कीमती पूंजी है। जब यह समय किताबों के बहाने हंगामे में जाया होता है, तो आमजन के मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हाशिये पर चले जाते हैं। कुल मिलाकर किताबें समाज को सोचने, समझने और सवाल करने का अवसर देती हैं। उन्हें राजनीतिक अखाड़ा बनाने के बजाय बौद्धिक संवाद का माध्यम बनाया जाना चाहिए। जब तक विचारों से डरकर शोर मचाया जाता रहेगा, तब तक संसद की गरिमा और लोकतंत्र दोनों कमजोर होते रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि राजनीति विचारों से लड़ें, किताबों से नहीं।

# छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की जरूरत



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

साल 2026-27 के आम बजट में केंद्र सरकार द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास और लोकव्यापीकरण के लिए कई अभूतपूर्व घोषणाएं की गई है। आयुर्वेद से जुड़े नीति नियंताओं और जानकारों के मुताबिक इन घोषणाओं के धरातली क्रियान्वयन के बाद इस पद्धति को काफी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। बजट घोषणाओं पर गौर करें तो इसमें देश में तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान 'एआईआईए' की स्थापना, आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं 'डीटीएल' को अत्याधुनिक करने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। इसी तरह देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच रीजनल मेडिकल हब तैयार किए जाएंगे। प्रस्तावित मेडिकल हब में आयुर्वेद, योग, डायग्नोस्टिक और रिकवरी सेवाएं एक साथ मिलेगी जिसका लाभ निरोगी और रोगी दोनों तरह के लोग ले सकेंगे। बजट में गुजरात के जामनगर स्थित डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र को भी सशक्त बनाने का प्रस्ताव किया गया है। बिलाशक यह बजट भारत के सदियों पुरानी चिकित्सा पद्धति 'आयुर्वेद' को नयी दशा और दिशा देने में पूरी तरह से सार्थक साबित होगा।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की प्रमुख पहचान वनौषधियों से परिपूर्ण जंगल हैं जहां औषधीय महत्व वाले लगभग 1525 तरह के वनस्पतियों की उपलब्धता के साथ ही समृद्ध जैव विविधता भी है। राज्य का 44 फीसदी हिस्सा वनों से आच्छादित है जिसमें औषधीय गुणों वाले जड़ी-बूटियों की असाधारण विविधता है। इन्हीं खूबियों के चलते छत्तीसगढ़ को स्थापना काल से ही 'हर्बल स्टेट' की संज्ञा दी गई है। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर 2000 को भारत के राजनीतिक मानचित्र पर तीन राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड का अस्तित्व सामने आया। छत्तीसगढ़ अपने राजनीतिक स्थिरता के साथ जीरो कट बिजली आपूर्ति और खनिज संसाधनों के चलते अपने साथ निर्मित दो अन्य राज्यों को काफी पीछे छोड़ते हुए देश के शीर्षस्थ राज्यों में शुमार हो चुका है। मध्य भारत में छत्तीसगढ़ की एक पहचान 'एजुकेशन हब' के साथ ही 'मेडिकल हब' के तौर पर भी है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित अनेक सरकारी और निजी संस्थान स्थापित हैं। राज्य में मेडिकल, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, उच्च शिक्षा, कानून के केंद्रीय संस्थान संचालित हैं।

प्रदेश में मेडिकल से संबंधित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान 'एम्स', भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ' एनआईटी', अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान 'ट्रिपल आईटी ', भारतीय प्रबंधन संस्थान 'आईआईएम', हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी 'एचएनएलयू' और गुरू घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित हैं। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 'एनआईईएलआईटी' और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन 'एनआईएफडी' की स्थापना को मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार ने राजधानी रायपुर में केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान 'सीआरआईवायएन' के स्थापना को भी मंजूरी दिया है। प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के अकादमिक विकास के साथ ही अनुसंधान की काफी संभावनाएं हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत अब छत्तीसगढ़ राज्य में एक राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि यह राज्य अपनी पहचान को सार्थक कर सकें।वर्तमान में राज्य में सरकारी क्षेत्र के 2 तथा निजी क्षेत्र के 6 आयुर्वेद कॉलेज संचालित हैं। राज्य स्थापना के पच्चीस सालों पर गौर करें तो प्रदेश में आयुर्वेद शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में आशातीत विकास हुआ है लेकिन केंद्रीय आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता अब बलवती हुई है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजिन की सरकार है जिसके चलते राज्य को केंद्र सरकार से लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है।

केंद्र सरकार की प्राथमिकता में छत्तीसगढ़ शीर्ष पायदान पर है लिहाजा जन अपेक्षा है कि नवीन बजट में घोषित तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में से एक इस राज्य में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ में 'एआईआईए' के स्थापना की आवश्यकता के मूल में यहां विशेष प्रजातियों के वनौषधियों की प्रचुरता के साथ ही परंपरागत वैद्यों की अच्छी खासी मौजूदगी है। यह सीधे तौर पर राज्य के लिए प्राकृतिक के साथ ही बौद्धिक संपदा भी है। राज्य के वनों में मुख्य रूप से आंवला, हर्रा, बहेड़ा, नीम, अपामार्ग, चिरायता, गिलोय, अर्जुन, अश्वगंधा, शतावरी , पुनर्नवा, भुंई आंवला, कलिहारी, बेल, अडूसा, बीजा प्रजाति के औषधि वनस्पतियां उपलब्ध हैं। वनस्पति विज्ञानियों की मानें तो छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और चिकित्सा के दृष्टिगत कई दुर्लभ और औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं जो विलुप्त होने के कगार पर है। इन वनस्पतियों में प्रमुख जनजातिय बहुल बस्तर में पाए जाने वाले ट्री-फर्न, सफेद मूसली, पसरा, बीजा, शीशम और दहीमन हैं जिनका संरक्षण और संवर्धन आवश्यक है। राज्य के जनजातीय समुदाय के परंपरागत वैद्यों के पास पीढ़ी दर पीढ़ी मधुमेह, उच्च रक्तचाप,




गठिया और एनीमिया रोग के उपचार के नुस्खे उपलब्ध हैं जिनका वैज्ञानिक मानकीकरण करने तथा इस पर अनुसंधान की आवश्यकता है। दुर्गम जंगलों में निवासरत इन जनजातीय वैद्यों को जड़ी - बूटियों की अच्छी- खासी पहचान और चिकित्सकीय महत्व के बारे में जानकारी है। छत्तीसगढ़ में यदि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना होती है तो परंपरागत वैद्यों के पास उपलब्ध नुस्खों पर अनुसंधान और इसके वैज्ञानिक मानकीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा। राज्य के अनूकूल जलवायु और उर्वरा मिट्टी के दृष्टिगत राज्य वनौषधियों की खेती, व्यापार व निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। गौरतलब है कि केरल राज्य के राजस्व का एक प्रमुख स्त्रोत आयुर्वेदिक पर्यटन है जहां देश और विदेश के लोग इस उद्देश्य से पहुंचते हैं। छत्तीसगढ़ में भी आयुर्वेदिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि बस्तर से लेकर सरगुजा का क्षेत्र इसके अनुकूल हैं। राज्य में उपलब्ध वनौषधियों की प्रचुरता, निर्बाध बिजली और मानव संसाधन की उपलब्धता के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद दवा उद्योग की बेहतर संभावनाएं हैं। राज्य में राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की स्थापना के आवश्यक सभी प्रकार के अधोसंरचना, भूमि की उपलब्धता,परिवहन संपर्क और संसाधन मौजूद हैं। उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की प्रबल दावेदारी है। उल्लेखनीय है कि इस संस्थान से जहां आयुर्वेद के अकादमिक विकास और चिकित्सा अनुसंधान को पंख लगेगा वहीं इससे रोजगार और व्यापार के नये अवसर भी पैदा होंगे। इस संस्थान के स्थापना से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगा वहीं आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के समन्वित शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा तथा जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा का लाभ भी मिलेगा।इसके अलावा यह संस्थान आयुर्वेद से जुड़े चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं तथा पैरा मेडिकल्स के कौशल उन्नयन तथा तकनीकी नवाचार के दिशा में भी काफी सहायक होगा।

गौरतलब है कि वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान ही भारत सहित दुनिया में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लोगों का रूझान काफी बढ़ा है। आयुर्वेद एक चिकित्सा पद्धति नहीं बल्कि संपूर्ण जीवनशैली है जिसमें विभिन्न ऋतुओं में व्यक्ति को सेहतमंद रखने के लिए दिनचर्या, खान-पान और परहेज का उल्लेख है। वर्तमान परिदृश्य में जब भारत सहित दुनिया की एक बड़ी आबादी मोटापा , मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग और कैंसर जैसे जीवनशैली गत रोगों के चुनौतियों से जूझ रहा है तब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में इन बीमारियों से बचाव और नियंत्रण के पर्याप्त उपाय मौजूद हैं। नित नई- नई महामारियां भी जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से बचाव और रोगी के संक्रमण मुक्त होने में मुख्य भूमिका व्यक्ति के रोग-प्रतिरोधक क्षमता की होती है। आयुर्वेद पद्धति में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बरकरार रखने तथा विकसित करने के तमाम उपाय निहित हैं। विचारणीय है कि छत्तीसगढ़ जैसे विकासशील राज्य में भी एक बड़ी जनसंख्या संक्रामक और गैर संक्रामक रोगों से ग्रस्त है जिसका नकारात्मक असर राज्य के आर्थिक विकास में पड़ना लाजिमी है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में अब राष्ट्रीय स्तर के आयुर्वेद संस्थान की आवश्यकता है ताकि "युवा छत्तीसगढ़" सेहतमंद और ऊर्जावान बना रहे। किसी भी देश और प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में स्वास्थ्य की मुख्य भूमिका होती है। बिलाशक इस उद्देश्य की पूर्ति में 'अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान' की भूमिका अहम हो सकती है लिहाजा राज्य सरकार से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में प्रभावी पहल करेगी।

## पुण्यतिथि पर विशेष

हर्षवर्धन पान्डे



# लता मंगेशकर : मेरी आवाज़ ही पहचान है, गर याद रहे..

लता मंगेशकर की मखमली और जादुई आवाज की दुनिया दीवानी थी। उनकी आवाज़ दिल को छूती नहीं, बल्कि दिल में बस जाती थी। हर दिल अजीज लता मंगेशकर ने अपनी आवाज से हिंदी सिनेमा की गायकी में ऐसे चार चांद लगाए कि हर कोई उनका मुरीद हुए बिना नहीं रह पाया। सही मायनों में हिंदी सिनेमा की गायकी की दुनिया को लता ने अपने मधुर स्वर से नई दिशा देने का काम किया। लता की वो आवाज हर किसी के दिल के तारों को आज भी झंकृत कर देती है। हिंदी सिनेमा के 100 बरस से अधिक के सफ़र में लता की गायकी सिल्वर स्क्रीन पर चार चांद लगा देती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पंडित दीनानाथ मंगेशकर के मध्यवर्गीय परिवार में हुआ था। लता पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी थी। लता मंगेशकर के पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक क्लासिकल सिंगर और थिएटर आर्टिस्ट थे। लता की तीन बहनें मीना, आशा, उषा और एक भाई हृदयनाथ मंगेशकर थे। पांच साल की उम्र में ही लता ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी और थिएटर में एक्टिंग किया करती थी। जब वो स्कूल गयी तो वहां के बच्चों को संगीत सिखाने लगी लेकिन जब लता को अपनी बहन 'आशा' को स्कूल लाने से मना किया गया तो उन्होंने स्कूल जाना छोड़ दिया। सुरों की मल्लिका लता मंगेशकर का भी बॉलीवुड में सफर इतना आसान नहीं था। काफी समय तक उन्हें कोई प्रोजेक्ट नहीं मिला। इसकी दो वजहें थीं। एक तो साल 1940 के दौर में जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में एंट्री ली, बॉलीवुड में नूरजहां और शमशाद का दबादबा था और दूसरा लता की आवाज़ की पिच काफी हाई थी और आवाज़ पतली, ऐसे में उस दौर के चलन में चल रहे गानों के मुताबिक आवाज भी फिट नहीं बैठती थी। प्रोड्यूसर शशिधर मुखर्जी ने लता मंगेशकर की आवाज को 'पतली आवाज' कहकर अपनी फिल्म 'शहीद' में गाने से मना कर दिया था, फिर म्यूजिक डायरेक्टर गुलाम हैदर ने लता को फिल्म 'मजबूर' में 'दिल मेरा तोड़ा, कहीं का ना छोड़ा' गीत गाने को कहा जो काफी सराहा गया । लता मंगेशकर के पिता नहीं चाहते थे कि वो फ़िल्मों के लिए गाने गाये, लेकिन लता मंगेशकर बचपन से ही गायिका बनना चाहती थीं। साल 1942 में उनके पिता इस दुनिया को छोड़ गए और लता मंगेशकर के कंधों पर परिवार को संभालने की सारी ज़िम्मेदारी आ गई । इसी वजह से लता ने 1942 से लेकर 1948 तक करीब 8 हिंदी और मराठी फिल्मों में काम किया। 1948 में म्यूज़िक कंपोज़र गुलाम हैदर ने लता को बड़ा ब्रेक दिया, जिसके बाद उनका संघर्ष का दौर खत्म हुआ और फिल्मी दुनिया में ऐसा सिक्का चला कि लोग उनकी आवाज के दीवाने हो गए। चंद महीनों में ही लता के प्रति लोगों का नजरिया बदला और उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली और फिर इसके बाद उन्हें मुड़कर पीछे नहीं देखना पड़ा। लता मंगेशकर ने फिल्म इंडस्ट्री के सभी दिग्गज म्यूज़िक डायरेक्टर्स और सिंगर्स के साथ काम किया। उन्होंने 1000 से भी ज्यादा हिंदी फिल्मों और 36 से भी ज्यादा भाषाओं में गाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। साल 1977 में आई फिल्म 'किनारा' में लता मंगेशकर ने 'नाम गुम जायेगा, चेहरा ये बदल जायेगा, मेरी आवाज़ ही, पहचान है, गर याद रहे' गीत गाया। लता मंगेशकर की ये लाइनें उनके हर चाहने वाले को हमेशा याद रहेंगी। उस दौरान उन्होंने बैजू बावरा, मदर इंडिया, देवदास और मधुमति जैसी हिट फिल्मों में गाने गाए। फिल्म 'मधुमति' के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए 1958 में लता मंगेशकर को पहला फिल्मफेयर मिला। लता मंगेशकर को साल 2001 में 'भारत रत्न' से भी नवाजा गया था। लता दीदी को इसके पहले पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण( 1999) और दादा साहब फाल्के अवार्ड (1989) पुरस्कार से भी नवाजा गया । सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने ताउम्र शादी नहीं की। इसकी वजह बताते हुए वो कहती थी कि पिता की मौत के बाद घर के सभी सदस्यों की जिम्मेदारी उन पर थी।



# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित

दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## उत्तरायणी कौथिक उत्सव



देहरादून में गुरुवार को उत्तरायणी कौथिक उत्सव के दौरान कलाकार प्रस्तुति देते हुए।

## आज की पाती

### पाक का संशोधन लोकतंत्र के लिए काला अध्याय

संवैधानिक संशोधन लोकतंत्र की आत्मा होते हैं, जो समय के साथ बदलती चुनौतियों का सामना करने के लिए ढांचे को लचीला बनाते हैं। लेकिन जब ये संशोधन सत्ता के संतुलन को बिगाड़ने का हथियार बन जाते है, तो वे लोकतंत्र को ही खोखला करने लगते हैं। पाकिस्तान की संसद द्वारा नवंबर 2025 में पारित 27वां संवैधानिक संशोधन ठीक ऐसा ही एक उदाहरण है। यह संशोधन सतह पर संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करता प्रतीत होता है, किंतु वास्तव में कार्यपालिका और सेना के हाथों में न्यायपालिका को बंधक बनाने का प्रयास है। इसने न केवल पाकिस्तानी संस्थानों के बीच शक्ति संतुलन को उलट दिया है, बल्कि विधि के शासन को गंभीर खतरे में डाल दिया है। - मनीष शर्मा, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### 'भारत टैक्सी' से मुनाफा



सहकारिता से बहुत सारे लोग मिलकर छोटी-छोटी पूंजी लगाकर कैसे बड़ी शुरुआत कर सकते हैं, 'भारत टैक्सी' इसका उदाहरण है। चालक बहन-भाई 'भारत टैक्सी' से न सिर्फ अधिक मुनाफा कमा पाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### देश का सामरिक विकास



प्रजातंत्र के बारे में बोलने वाले विपक्षी दल संसद में प्रजातंत्र का गला घोंटते हैं, ये सारा देश देख रहा है। विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का सामरिक विकास रास नहीं आ रहा है।

-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### टैरिफ का आकलन



भारत पर अमेरिका द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने की खबर कितनी देश व जनहित में है, इस बारे में समुचित जानकारी के अभाव में तत्काल कोई आकलन करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इस पर जमीनी अमल होने के बाद ही पता चलेगा कि इससे आमजन का क्या भला होगा।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### विरोध करने का निर्णय



मोदी सरकार ने ठान लिया है कि दोनों विपक्षी नेताओं को बात करने नही देना है। सारी विपक्ष की पार्टियों के नेताओं ने यह तय किया कि अगर वे हमें बात करने नही देंगे, तो हमें वाक आउट करना चाहिए और विरोध करना चाहिए।

-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कार्यक्रम

## करंट अफेयर

# अमेरिकी महाद्वीप में खसरे को लेकर चेतावनी जारी

'पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गनाइजेशन' (पीएचओ) ने अमेरिकी महाद्वीप में खसरे के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर एक नई महामारी संबंधी चेतावनी जारी की है। मेक्सिको में खसरे के काफी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पीएएचओ की ओर से जारी चेतावनी में तत्काल टीकाकरण अभियान चलाने का भी आह्वान किया गया है साथ ही कहा गया है कि हाल में सामने आए मामले में 78 प्रतिशत मामले ऐसे लोगों में हैं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है। बुधवार को यह चेतावनी ऐसे वक्त में जारी की गई है जब नवंबर में कनाडा का खसरा-मुक्त दर्जा समाप्त हो गया है। यह एक ऐसा झटका है जिसकी पुनरावृत्ति जल्द ही अमेरिका और मेक्सिको में भी हो सकती है।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ना एक जटिल प्रक्रिया सबमे इसका असर अलग

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके।



## संक्षेप

### बनेगा 20 बेड का डे केयर कैंसर सेंटर

#### तिलोई मेडिकल कॉलेज में गंभीर बीमारी के इलाज की पहल

अमेठी , जिले में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रभावी इलाज और शुरूआती पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। तिलोई स्थित निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज में 20 बेड का आधुनिक डे केयर कैंसर सेंटर स्थापित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह ने इस संबंध में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू होते ही यह कैंसर केयर यूनिट भी कार्यरत हो जाएगी।सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले में कैंसर से लड़ने के लिए एक सुव्यवस्थित मॉडल तैयार किया गया है। इसके तहत, जिले के सभी 196 आयुष्मान आरोग्य केंद्रों पर ब्रेस्ट कैंसर और ओरल कैंसर की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।प्राथमिक जांच में संदिग्ध पाए गए मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट सहित अन्य नामित अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है।प्रस्तावित डे केयर कैंसर सेंटर में मरीजों के लिए कीमोथेरेपी एडमिनिस्ट्रेशन एरिया विकसित किया जाएगा। यहां प्रत्येक बेड पर रिक्लाइनर चेयर या बेड, ऑक्सीजन व सक्शन प्वाइंट तथा एयर कंडीशनिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कैंसर दवाओं की सुरक्षित तैयारी के लिए बायो-सेफ्टी कैबिनेट और लैमिनर एयर फ्लो युक्त ड्रग प्रिपरेशन रूम भी बनाया जाएगा। मरीजों के परामर्श और नियमित जांच के लिए डॉक्टर का कंसल्टेशन रूम तथा केंद्रीय रूप से स्थित नर्सिंग स्टेशन की भी व्यवस्था रहेगी। मरीजों के पंजीकरण और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार स्वीकृति के लिए पेशेंट रजिस्ट्रेशन एवं पीएम-जय डेस्क बनाया जाएगा। मानसिक सहयोग और बीमारी से जुड़ी जानकारी देने के लिए एक अलग काउंसलिंग रूम होगा। कैंसर दवाओं के सुरक्षित भंडारण के लिए नियंत्रित तापमान युक्त स्टोरेज रूम विकसित किया जाएगा। डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड और विशेषज्ञों से दूरस्थ परामर्श के लिए आईटी एवं टेलीमेडिसिन रूम भी प्रस्तावित है।इसके अतिरिक्त, मरीजों और तीमारदारों के लिए वेटिंग एरिया, दिव्यांग-अनुकूल शौचालय तथा मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी और आईसीयू से सीधा संपर्क रखा जाएगा।

### नवागंतुक एसपी सर्वानन टी ने संभाला कार्यभार

अमेठी , पुलिस अधीक्षक सर्वानन टी ने जिले में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने जनपद की कानून-व्यवस्था को अपनी प्राथमिकता बताते हुए अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पारदर्शी व संवेदनशील पुलिसिंग को आगे बढ़ाने की बात कही पुलिस अधीक्षक सर्वानन टी 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

# किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का हुआ आयोजन

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को लगा स्वास्थ्य कैम्प

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर जी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इन स्वास्थ्य कैंपों में 80 मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक छात्र भाग लेते हैं उन्होंने कहा की सेवा का कार्य पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि मैं उसका पुजारी हूं जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य रहते हैं नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्र में अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी एकत्र कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की सेवा यात्रा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के मन में सेवा का भाव उत्पन्न हो यही इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को संपादित करने में हजारों कार्यकर्ता अपना समय लगते हैं तब यह यात्रा व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो पाती है। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सेवा है। इसी मिशनरिया सेवा के माध्यम से लोग धर्मांतरण का कार्य करते थे किंतु गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा का उद्देश्य का नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं यह शरीर एक साधना है। इस शरीर का उपयोग सेवा और समाज निर्माण के किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बृजेश शुक्ला डॉक्टर पुष्पेंश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एनएममो अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, आरएमएल के सीएमएस डॉ विक्रम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान लखनऊ प्रोफेसर सी एम सिंह, सीएमओ डॉ संजय कुमार, निर्देशक जेएसवी हुंडई जतिन वर्मा, वाइस चेयरमैन सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ श्लोक सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने भी संबोधित किया। इस स्वास्थ्य शिविर में केजीएमयू ,आरएमएल, एसजीपीजीआई, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके तिवारी, डॉ संगीता मौर्य, डॉ पूजा जायसवाल , डॉ महेश अग्रवाल, डॉ मोहित अग्रवाल, डॉ के के वर्मा , डॉ रामराज यादव, डॉ त्रिलोकी विश्वकर्मा नेडॉ सानिध्य सिंह, डॉ नितिन मिश्रा, डॉ शिवम शुक्ला, डॉ अजय कुमार, डॉ राजकुमार डॉ राहुल विश्वकर्मा, वसुदेश डॉ सत्यम श्रीवास्तव, डॉ वैष्णवी, डॉ श्रेया राज भी मरीज का उपचार किया। इस स्वास्थ्य शिविर में संयोजक धर्मेंद्र सिंह, रमेश पाठक, सह विभाग संचालक कृष्णानंद, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला प्रचारक अजय, डॉ विकास मिश्रा, डॉ मनीष शुक्ला, डॉक्टर दिव्येश बरनवाल, डॉ रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ दिवाकर दत्त त्रिपाठी, डॉ उपेंद्र वर्मा , डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ पूजा, डॉ अमिताभ मिश्रा, डॉ सैफली गुप्ता, डॉ राम कुमार, विधायक सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी पदम सेन चौधरी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे विभाग प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अतुल गौड़ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए अतिथियों एवं मरीज के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

# पांचवी बार श्रमजीवी के अध्यक्ष बने संजय मिश्र

## खबरें निगेटिव नहीं, कमियों को दूर करना का मिलता है मौका: डीएम

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। शहर के एलआरपी कालोनी में श्रमजीवी संगठन की वार्षिक बैठक रविवार को आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी रहे। डीएम की मौजूदगी में नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मौजूद लोगों की सहमति से संजय मिश्रा को पांचवी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। डीएम समेत अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दी। ?डीएम ने कहा कि व्यस्तता के बावजूद भी ऐसे कार्यक्रम को हम छोड़ना नहीं चाहते है। उन्होने कहा कि अक्सर लोग कहते है कि आज अखबार व चैनल में निगेटिव खबरें चल रही है, मेरा मानना है कि खबरें निगेटिव नहीं होती है। हमें पत्रकार के माध्यम से कमियों को दूर करने का मौका मिलता है। हम उन कमियों को भी पत्रकार के माध्यम से जान पाते है, जिन्हें सही समय पर कार्य करने की जरुरत होती है। डीएम ने सभी नई कार्यकारिणी के लिए सभी को बधाई दिया। अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

## 15 फरवरी को पांच स्थानों से निकलेगी शिवबारात शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर आदर्श थाना कोतवाली रूपईडीहा प्रांगण में पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी दी कि आगामी 15 फरवरी को शिवबारात शोभायात्रा नगर पंचायत रूपईडीहा सहित पांच स्थानों, नारायन जोत, पचपकड़ी, मिहिपुरवा और साइगांव से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में थाना क्षेत्र के छह स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाती थी, लेकिन इस वर्ष चिकिनिया में शोभायात्रा नहीं होने के कारण पांच स्थानों पर ही आयोजन किया जाएगा। बाबा बफार्नी सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार रोहन ने बताया कि शिवबारात शोभायात्रा सिंघानिया मिल से प्रारंभ होकर सेंट्रल बैंक चौराहा, स्टेशन रोड, रामलीला चौराहा, बजाजा रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 927 होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने कहा कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप ही शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने समिति के सदस्यों से अपील की कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखें, ताकि आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। बैठक में पत्रकार संजय वर्मा, मनीराम शर्मा, नीरज बरनवाल, रईस अहमद, सभासद नरेंद्र मदेशिया गुड्ड, तूफान अली, प्रधान करिंगा, गांव सुपरवाइजर किशन गुप्ता, अभिषेक, अंकित गुप्ता, पिंटू गुप्ता, सुनील वाल्मीकि, प्रधान बंशीधर (पटना कॉलोनी) सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा से हजारों लोगों को मिला लाभ

## भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के गांवों में आयोजित हुआ कैंप

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। नेशनल मेडिकोज ऑगेर्नाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर जी ने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य यात्रा 2019 में प्रारंभ हुआ था, इस यात्रा के माध्यम से सीमावर्ती सुदूर क्षेत्रों में आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इन स्वास्थ्य कैंपों में 80 मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक छात्र भाग लेते हैं उन्होंने कहा की सेवा का कार्य पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि मैं उसका पुजारी हूं जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य रहते हैं नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्र में अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी एकत्र कर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की सेवा यात्रा के माध्यम से आने वाली पीढ़ी के मन में सेवा का भाव उत्पन्न हो यही इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को संपादित करने में हजारों कार्यकर्ता अपना समय लगते हैं तब यह यात्रा व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो पाती है। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह संघ की अद्भुत दृष्टि है कि बड़े-बड़े मेडिकल कॉलेज छात्र सुदूर सीमावर्ती गांव में जाकर चिकित्सा सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा का मुख्य उद्देश्य सेवा है। इसी मिशनरिया सेवा के माध्यम से लोग धर्मांतरण का कार्य करते थे किंतु गुरु गोरखनाथ सेवा यात्रा का उद्देश्य का नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं यह शरीर एक साधना है। इस शरीर का उपयोग सेवा और समाज निर्माण के किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बृजेश शुक्ला डॉक्टर पुष्पेंश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एनएममो अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, आरएमएल के सीएमएस डॉ विक्रम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान लखनऊ प्रोफेसर सी एम सिंह, सीएमओ डॉ संजय कुमार, निर्देशक जेएसवी हुंडई जतिन वर्मा, वाइस चेयरमैन सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ श्लोक सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ सारिका साहू ने भी संबोधित किया। इस स्वास्थ्य शिविर में केजीएमयू ,आरएमएल, एसजीपीजीआई, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके तिवारी, डॉ संगीता मौर्य, डॉ पूजा जायसवाल , डॉ महेश अग्रवाल, डॉ मोहित अग्रवाल, डॉ के के वर्मा , डॉ रामराज यादव, डॉ त्रिलोकी विश्वकर्मा नेडॉ सानिध्य सिंह, डॉ नितिन मिश्रा, डॉ शिवम शुक्ला, डॉ अजय कुमार, डॉ राजकुमार डॉ राहुल विश्वकर्मा, वसुदेश डॉ सत्यम श्रीवास्तव, डॉ वैष्णवी, डॉ श्रेया राज भी मरीज का उपचार किया। इस स्वास्थ्य शिविर में संयोजक धर्मेंद्र सिंह, रमेश पाठक, सह विभाग संचालक कृष्णानंद, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, जिला प्रचारक अजय, डॉ विकास मिश्रा, डॉ मनीष शुक्ला, डॉक्टर दिव्येश बरनवाल, डॉ रामेंद्र त्रिपाठी, डॉ दिवाकर दत्त त्रिपाठी, डॉ उपेंद्र वर्मा ,डॉ प्रभात मिश्रा, डॉ पूजा, डॉ अमिताभ मिश्रा, डॉ सैफली गुप्ता, डॉ राम कुमार, विधायक सुभाष त्रिपाठी, एमएलसी पदम सेन चौधरी, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे विभाग प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अतुल गौड़ , योगेंद्र मौर्य, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए अतिथियों एवं मरीज के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने किया पौधारोपण

## जनमानस को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने, सतत एवं समावेशी विकास को दिशा देने के लिए चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के उपलक्ष्य में उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने रविवार को तहसील परिसर में विधिवत पौधारोपण किया। इस अवसर पर आम, अमरुद, नीम, कचनार, आवला आदि प्रजातियों के कुल 20 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल की और लोगों को प्रेरित किया। एसडीएम ने पौधा रोपित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अमूल्य हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण को बढ़ावा देने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में तहसील के विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी एवं वन क्षेत्राधिकारी नानपारा पीयूष गुप्ता व अन्य वन विभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। सभी ने अभियान के तहत पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान सतत रूप से वर्ष भर जारी रहेगा और अधिक से अधिक पौधारोपण कर क्षेत्र को हरित बनाने का प्रयास किया जाएगा।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक

## हैकर्स ने आईडी बदली, मोनेटाइजेशन से आने वाले पैसे भी हड़पे; अलीगढ़ में केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ , क्रिकेटर रिंकू सिंह की फेसबुक आईडी हैक हो गई। साइबर ठगों ने रिंकू के फेसबुक की ईमेल आईडी बदलकर उससे होने वाली कमाई अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। रिंकू के भाई सोनू की शिकायत के बाद मामले में साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज किया गया। सोनू ने शिकायत में कहा है कि रंकू के फेसबुक पर 16 लाख फॉलोअर्स हैं। वे काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच और टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त थे। इस वजह से सोशल मीडिया अकाउंट पर ध्यान नहीं दे पा रहे थे। सोनू ने बताया कि रिंकू ने मुंबई से अपना फेसबुक एकाउंट लॉग इन किया। काफी कोशिशों के बाद भी आईडी नहीं खुली। पासवर्ड गलत बताता रहा। बाद में पता चला कि उनकी ईमेल आईडी ही बदल गई है। उनका फेसबुक से लॉग-इन था, लेकिन अब अकाउंट दूसरी मेल आईडी से से लॉग-इन दिखा रहा है। उन्होंने बताया कि रिंकू ने देखा कि काफी दिन से लॉग इन नहीं करने के बावजूद भी उनकी आईडी से फोटो-वीडियो अपलोड हो रहे थे। रिंकू का अकाउंट मोनेटाइज है, जिससे अच्छी खासी इनकम होती है। वह भी हैकर्स के ही अकाउंट में ट्रांसफर हो रही है। रिंकू से सूचना मिलने पर एसएसपी को जानकारी दी। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर रामेंद्र शुक्ला ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। अकाउंट रिकवरी के दिए आदेश ररढ नीरज कुमार जादौन का कहना है, ह्यरिंकू सिंह के भाई की शिकायत मिली है। जिसमें आईडी हैक होने और पैसे निकालने की शिकायत की गई है। मामले को संज्ञान में लेकर साइबर सेल में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। साइबर टीम को हैकर्स का पता लगाने और अकाउंट रिकवर करने के निर्देश दिए हैं। क्या ईमेल बदलकर फेसबुक अकाउंट हैक हो सकता है? साइबर विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर किसी ने बिना आपकी जानकारी के ईमेल बदल दिया है तो इसका मतलब है कि किसी को आपका पासवर्ड मिल गया है।

# आईपीएस चारू निगम ने संभाला सुल्तानपुर का कार्यभार

## पहली बार तब चर्चा में आई जब गोरखपुर में बीजेपी विधायक से हुई थी तीखी बहस

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , नवागत पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पुलिस कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। रात शासन द्वारा जारी आईपीएस तबादलों में उन्हें गाजियाबाद पीएसी से सुल्तानपुर भेजा गया है। इससे पहले यहां एसपी रहे कुंवर अनुपम सिंह का स्थानांतरण जौनपुर कर दिया गया है। आईपीएस चारू निगम पहली बार 2017 में गोरखपुर में बतौर एएसपी तैनात रहते हुए चर्चा में आई थीं। उस समय शराब की एक दुकान बंद कराने को लेकर उनकी तत्कालीन बीजेपी विधायक डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल से तीखी बहस हुई थी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें विधायक चारू निगम को डांटते हुए दिख रहे थे। इस मामले को लेकर विधायक को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था, जबकि आम जनता ने चारू निगम का समर्थन किया था। गोरखपुर में एक अन्य घटना ने भी चारू निगम को लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया था। मझगांवा गांव की आरती को मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया। आरती की तीमारदारी के लिए उनकी ननद सुमन अपने आठ महीने के बेटे राजीव के साथ आई थीं। अगली सुबह बच्चा राजीव मेडिकल कॉलेज से गायब हो गया। एएसपी चारू निगम के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 36 घंटे के भीतर बच्चे राजीव को खोज निकाला और उसे चुराने वाली महिला तबस्सुम को भी गिरफ्तार कर लिया था। चारू निगम मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की निवासी हैं। उनका परिवार पहले आगरा में रहता था

# अल जफीरा नूर ने डॉ कलाम साइंटिस्ट परीक्षा कर्नाटक में प्राप्त किया स्वर्ण पदक

## जनपद बहराइच और अपने प्रदेश का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा निवासी एवं सेवंथ डे इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा अल जफीरा नूर ने डॉ कलाम जूनियर साइंटिस्ट परीक्षा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि डॉ कलाम जूनियर साइंटिस्ट परीक्षा की अंतिम परीक्षा दिल्ली स्थित शाहीन एकेडमी में आयोजित हुई। चार चरणों में आयोजित इस परीक्षा में 6 देशों- कतर, दुबई, सऊदी अरब, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात के छात्र सहित भारत के तीन लाख 30 हजार छात्र शामिल हुए थेह्न अंत में इस परीक्षा में 6 देश के केवल 25 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। जिसमें अल जफीरा नूर को छठा स्थान प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश से इस परीक्षा में दो छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। जिसमें से एक बहराइच निवासी अल जफीरा नूर व दूसरा पदक अलीगढ़ को मिला है। अल जफीरा नूर के पिता जावेद आलम ने बताया कि उनकी बेटी को शाहीन एकेडमी के मुख्यालय कर्नाटक में संस्था के डायरेक्टर डॉक्टर अब्दुल कदीर द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। मालूम हो कि इससे पहले अल जफीरा नूर ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में संचालित जिला विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया था तथा इंटरनेशनल स्पेस ओलंपियाड- 2024 के तीन चरणों की परीक्षा को भी उत्तर किया था। अल जाफिरा नूर को स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर उनके परिजनों, शिक्षकों, शुभचिंतकों एवं कई सामाजिक संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गर्लफ्रेंड से शादी के लिए नाबालिग हाईटेंशन तार से लटका

## थानेदार से बोला- फेरे करवाओ, तभी उतरूंगा, प्रतापगढ़ में 40 मिनट झूलता रहा;

अमन लेखनी समाचार



यूपी के प्रतापगढ़ में नाबालिग प्रेमिका से शादी करने के लिए 15 साल का लड़का हाईटेंशन लाइन पर चढ़ गया। फिर तार पकड़कर 35 फीट ऊंचाई पर झूलने लगा। लोगों की नजर पड़ी तो गांव में अफरा-तफरी मच गई। 50 से ज्यादा लोग जुट गए। लोगों ने उसे उतरने को कहा, तो उसने मना कर दिया। फिर पुलिस बुलाई गई। थाना प्रभारी को देखकर नाबालिग ने कहा कि जब तक मेरी गर्लफ्रेंड से मेरी शादी नहीं होगी, मैं नीचे नहीं उतरूंगा। पुलिस ने शादी कराने का झांसा देकर उसे मनाया। पुलिस ने सीढ़ी लगाकर उसे नीचे उतारा। नीचे आते ही किशोर फूट-फूटकर रोने लगा। करीब 40 मिनट तक ड्रामा चला। पुलिस उसे थाने ले गई। काउंसलिंग के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जिस वक्त नाबालिग तार पर लटका था, उस समय मेंटेनेंस वर्क के चलते पहले से ही 11 हजार वोल्टेज की बिजली सप्लाई बंद थी। मामला देवसरा थाना क्षेत्र का है। लड़की और लड़का दोनों ही पटेल बिरादरी के हैं। घर का इकलौता बेटा, 1 साल से अफेयर चल रहा था जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर भाऊपुर गांव है। ग्रामीणों ने बताया कि किशोर माता-पिता का इकलौता बेटा है। उसने हाईस्कूल के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। उसका पट्टी क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की किशोरी से एक साल से अफेयर चल रहा था। लड़की के घरवालों ने पीटा तो तनाव में आया गांव वालों ने बताया कि 2झ्र3 महीने पहले वह लड़की से मिलने उसके गांव गया था। वहां लड़की के परिजनों ने उसे पकड़ लिया था और जमकर पीटा था। मामला पुलिस तक पहुंचा था, लेकिन बाद में दोनों परिवारों में समझौता हो गया। लड़की के परिजनों ने शिकायत वापस ले ली थी। इसके बावजूद दोनों के बीच मोबाइल पर बात होती रहती थी। इससे नाराज परिजनों ने किशोर का मोबाइल फोन छीन लिया था। इसके बाद से वह तनाव में रहने लगा था। नाबालिग को उतारने की किसी की हिम्मत नहीं हुई तो पुलिस बुलाई ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे उन्होंने देखा कि लड़का अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर 11 हजार वोल्ट की लाइन से तार पकड़कर लटका हुआ था

## संक्षेप

### अराजकतत्वों ने तोड़ी डा. अंबेडकर की प्रतिमा

सोनभद्र। सदर कोतवाली क्षेत्र के जीवार गांव में संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, रात के अंधेरे में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा को तोड़ दिया।सुबह जब लोगों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को नुकसान पहुंचाना समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### विशालकाय मगरमच्छ दिखने से मचा हड़कंप

सोनभद्र। घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ गांव में गत गुरूवार को एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पंचायत भवन के पास खेत में करीब 8 फीट लंबे मगरमच्छ को देख ग्रामीण सहम गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल पहुंची। वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार के निर्देश पर वन दरोगा देवेंद्र कुमार, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अंगद, ओमप्रकाश पाल व राकेश की टीम ने रस्सी और बांस की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया।दोपहर करीब एक बजे पकड़े गए नर मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से मुक्खा फॉल के जलाशय में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि नदियों, तालाबों, खेतों और झाड़ियों के आसपास सावधानी बरतें और कहीं भी मगरमच्छ दिखने पर तुरंत सूचना दें। समय रहते रेस्क्यू होने से संभावित बड़ा हादसा टल गया।

### जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

सोनभद्र। जिला सतर्कता समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### जब भक्तों पर अत्याचार होता है, तब निराकार परमात्मा का अवतार होता है

सोनभद्र। गायत्री भवन तेजनगर उरमौरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में पांचवें दिन शुक्रवार को अयोध्या धाम से पधारे मनीष शरण जी महाराज ने कहा कि जब भक्तों पर अत्याचार होता है तब निराकार परमात्मा का अवतार होता है। नराकार कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देवकी बासुदेव पर हो रहे अत्याचारों को देखकर भगवान ने देवकी के अष्टम पुत्र के रूप में अवतार लिया।

# 9 लाख कैश न मिलने पर रिश्ता तोड़ा

## सगाई हुई थी, पिता बोले- बेटी को बदनाम करने के लिए धमकाया

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, शादी के कार्ड रिश्तेदारों तक पहुंच चुके थे, हलवाई से लेकर फोटोग्राफर तक की बुकिंग हो चुकी थी। गहने और कपड़े खरीदे जा चुके थे। हर तरफ खुशियां थीं, लेकिन दहेज के लालच ने प्रयागराज के एक परिवार की खुशियों पर नजर लगा दी। आरोप है कि लड़के वालों ने ऐन वक्त पर 9 लाख कैश की डिमांड कर दी। बेटी के पिता ने इतनी जल्दी इंतजाम करने में असमर्थता जताई तो लड़के पक्ष ने शादी तोड़ दी। पिता समेत पूरा परिवार सदमे में है, लेकिन उन्होंने बेटी को इंसाफ दिलाने की भी जिद ठान ली है। उन्होंने लड़के पक्ष के खिलाफ ऋककफ दर्ज करा दी है। पिता ने कहा- लड़के वालों ने बेटी को बदनाम करने की धमकी दी है। प्रयागराज की लड़की, कानपुर के लड़के की शादी होनी थी मामला प्रयागराज के कैंट इलाके में रहने वाले एक परिवार से संबंधित है। यहां रहने वाली 25 वर्षीय युवती की शादी सचिन कुमार निवासी बर्रा, जरौली, पानी की टंकी फेस-1, कानपुर नगर के साथ तय हुई थी। सचिन हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में लिफ्ट ऑपरेटर है। पिता ने बताया- शादी की बात पूरी हो जाने के बाद 07 फरवरी 2025 को धूमधाम से सगाई और वरीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। वरीक्षा में 3 लाख कैश भी लिया पिता ने बताया- वरीक्षा में उन्होंने तीन लाख नकद, एक सोने की चेन, एक अंगूठी और पूरे रिस्तेदारों की आवाभगत, कपड़े, विदाई आदि भी दी। तब लड़के वालों ने शादी फरवरी 2026 में करने की बात कही। इसके बाद लड़के के पिता बृज कुमार कई बार प्रयागराज आए और उनसे मिलकर गेस्ट हाउस समेत अन्य बातें तय की। साथ ही शादी की डेट 10 फरवरी 2026 को कृष्णा गार्डन, क्लाइव रोड, राजापुर से होने की बात पर मंजूरी दी। गहने, कपड़े खरीद चुके, कार्ड भी बंट चुके थे पिता ने बताया- वरीक्षा के बाद घर में उत्सव का माहौल हो गया। सभी रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई। अब विवाह का कार्ड भी भेज दिया गया। विवाह से संबंधित गेस्ट हाउस, हलवाई, फोटोग्राफर, दूल्हे के लिए गाड़ी समेत अन्य चीजों के लिए सभी प्रकार के एडवांस पैसे भी दे दिए गए। बेटी के गहने, कपड़े आदि की भी खरीदारी कर ली गई। दिसंबर में अचानक लड़के और उसके पिता ने शादी से मना कर दिया पिता ने बताया- लड़का सचिन कुमार और उसके पिता बृज कुमार ने दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शादी करने से मना कर दिया। यह सुनकर सभी सन्न रह गए। कुछ दिनों तक समझ में ही नहीं आया कि अब वह क्या करें। कई बार-बार अनुनय-विनय करने पर वर पक्ष के लोग 21 दिसंबर को नैनी आकर मिले। दूसरे गेस्ट हाउस से शादी की भी रखी शर्त नैनी में लड़के के पिता आए और 9 लाख रुपए की डिमांड की।

साथ ही यह कहा कि सिविल लाइंस के किसी अच्छे गेस्ट हाउस से शादी हो। उन्होंने सारी तैयारियां होने, रिश्तेदारों से उधार लेकर सारी व्यवस्थाएं करने की दुहाई दी

# दूसरी शादी का विरोध करने पर पत्नी को दौड़ाकर पीटा

## लाठी-डंडे से की पिटाई; पीड़िता बोली-बेटी होने पर घर से निकाला था

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज ,दूसरी शादी का विरोध करने पर पति ने पत्नी पर हमला कर दिया। ससुरालियों ने पत्नी के मायके वालों को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। 3 महिलाएं घायल हो गईं, एक की हालत गंभीर है। शनिवार की यह घटना धूमनगंज थाना क्षेत्र की है।महिला की तहरीर पर पति समेत 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।पीड़िता के अनुसार, शादी के बाद से ही दहेज के लिए ससुराली प्रताड़ित करते थे।चार साल पहले बेटी हुई तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। कुछ दिन पहले पति ने चुपके से दूसरी शादी कर ली। जानकारी होने पर परिजन के साथ ससुराल पहुंची तो मुझे मारने की कोशिश की।

नैनी एडीए कॉलोनी की रहने वाली सोनिया (26) की शादी 5 साल पहले मुण्डेरा के रहने वाले आशीष भारतीया (30) से हुई थी। आशीष प्राइवेट जॉब करता है।



सोनिया ने बताया- शादी के बाद से ही दहेज को लेकर मुझे प्रताड़ित किया जाने लगा। आए दिन ससुराल वाले मुझे ताने मारते जैसे-तैसे समय कटता गया और मैंने एक बेटी को जन्म दिया। बेटी हुई तो ससुराल और भड़क गए। इसके बाद मुझे घर से निकाल दिया। पिछले चार साल से मैं मायके में रह रही हूं। ससुराल वालों ने कोई बातचीत नहीं की। हाल ही में मुझे जानकारी मिली कि मेरे पति ने दूसरी शादी कर ली है। अपने घरवालों को मैंने जानकारी दी। इसके बाद अपनी मां और अन्य महिला रिश्तेदारों को लेकर ससुराल पहुंची।

### ससुरालियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी

सोनिया ने बताया- मुझे देखकर पति की दूसरी पत्नी ने दरवाजा बंद कर लिया।इसके बाद पति को फोन कर बुला लिया।कुछ देर बाद आशीष पहुंचा।मुझे देखते ही वह भड़क गया।गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद मुझ पर हमला कर दिया। लाठी-डंडे से पीटकर मुझे घायल कर दिया। सिर फट गया। जब मेरी मां और साथ में गईं अन्य महिलाओं ने विरोध किया उनसे भी लड़ने लगा। आशीष और उसके घरवालों ने लाठी-डंडों से दौड़ाकर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट में मेरी मां गुड़िया देवी, अंतिमा और पुष्पा घायल हो गईं।

### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश उपाध्याय ने बताया कि आशीष भारतीया, उसके भाई चंदन, गुलशन समेत कई महिलाओं और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इन सभी की तलाश की जा रही है।

# वकील के परिवार पर फायरिंग

## जान से मारने की धमकी,कहा- तुझे वकालत करना भुला देंगे

अमन लेखनी समाचार



मवाना , मवाना में एक अधिवक्ता और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि शादी समारोह से लौटते समय अधिवक्ता के पौत्र पर अवैध हथियारों से फायरिंग की गई, जबकि अगले ही दिन स्वयं अधिवक्ता को रास्ते में रोककर धमकी दी गई।जानकारी के अनुसार, 4 फरवरी 2026 को अधिवक्ता के परिवार में सुधीर की पुत्री ईशा की शादी इन्द्रप्रस्थ मण्डप, मवाना में हुई थी। शादी के दौरान रात करीब 12 बजे शिवम चौहान और सचिन चौहान, अधिवक्ता के पौत्र उज्जवल के साथ शादी का सामान लेने ग्राम ततीना जा रहे थे। रास्ते में ब्रेजा कार सवार ब्रजपाल उर्फ बिरजू, संदीप और सुनील कुमार (सभी निवासी ग्राम ततीना, थाना मवाना) ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से अवैध हथियारों से 3 से 4 राउंड फायरिंग की।इस घटना की तहरीर थाना मवाना में शिवम चौहान द्वारा दी गई थी।इसी मामले में 5 फरवरी 2026 की सुबह करीब 12 बजे जब अधिवक्ता अपनी स्कूटी से तहसील मवाना जा रहे थे, तभी आरोपितों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। उन्होंने खुलेआम धमकी देते हुए कहा, ह्लतुझे वकालत करना भुला देंगे, दो-चार महीने में तेरा काम तमाम हो जाएगा।ह्व अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनसे उन्हें और उनके परिवार को जान का गंभीर खतरा है।उन्होंने आशंका जताई कि कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी मवाना संतोष कुमार से मुलाकात की। उन्होंने पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की।

# हत्या में वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 5 दिसंबर को सदर बाजार में घर से बुलाकर युवक की हो गई थी हत्या

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, पुलिस ने केशव हत्याकांड में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। करीब दो माह बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पहले एक नजर डालते हैं वारदात पर सदर बाजार थाना क्षेत्र में 5 दिसंबर, 2025 की रात केशव पुत्र राधेश्याम को गोली मार दी गई।केशव को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हत्या के बाद कोहराम मच गया। केशव की मां सोनू ने बताया कि केशव की हत्या अंश पुत्र विक्की निवासी फाजलपुर ने की है।पुलिस ने अंश पुत्र विक्की के अलावा आयुष पुत्र मोनू निवासी सरस्वती लोक रोहटा रोड को गिरफ्तार कर लिया। हत्या से दो घंटे पहले हुआ था विवाद दरअसल, यह पूरा मामला आपसी रंजिश का था। केशव की बहन का अंश से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिस कारण दोनों ने शादी कर ली थी। यह बात केशव व उसके परिवार को नागवार गुजरी और दोनों परिवारों में खुन्नस बढ़ती चली गई। हत्या वाली रात केशव का अंश के साथ फोन पर विवाद हुआ। पिता राधेश्याम ने हस्तक्षेप किया और केशव को घर में सुला दिया। रात में अंश का फोन आया और उसे केशव को सड़क पर मिलने के लिए बुलाया।इसी दौरान उसने सीने से सटाकर केशव को गोली मार दी। बाइक चलाने वाले की थी तलाश पुलिस को परिजनों ने बताया था कि दो बाइक पर कई युवक मौजूद थे। अंश और आयुष को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई। इस बीच छानबीन में अभि पुत्र अजय निवासी कासमपुर कंकरखेड़ा के नाम का खुलासा हुआ।बताया जाता है कि अभि भी वारदात में शामिल था और एक अन्य बाइक पर सवार था।पुलिस ने उस बाइक को भी बरामद कर लिया है।न्यायालय ने आरोपी को भेजा जेल अभि पुत्र अजय कुमार को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। शुक्रवार को उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया

# महापौर को लोगों ने दिखाया गंदा पानी

## बोले- पीने के पानी से आती है बदबू, अधिकारियों को लगाई फटकार

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , महापौर हरिकांत आहलुवालिया वार्ड 13 के जयभीम नगर में जनता की समस्या को देखने पहुंचे तो लोगों ने उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से टंकी से आने वाले पानी में गंदगी और बदबू देख महापौर ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई।ऐसा पानी पीकर क्या होगा-महापौरपानी में गंदगी और बदबू देख महापौर ने सुपरवाइजर से पूछा कि अगर यहां रहने वाली हजारों की संख्या में जनता यह पानी पिएगी तो क्या होगा। इसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट मेनेजर को भी फोन पर फटकार लगाते हुए कहा कि यहां आकर सबसे पहले इन लोगों की हालत देखो किन समस्याओं के साथ इन्हें यहां रहना पड़ रहा है।संबंधित अधिकारी से फोन पर बात करते महापौर सबमर्सिबल और टयूबवेल लगाने के आदेशमहापौर ने कहा कि क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या बहुत है इसके लिए यहां एक सबमर्सिबल और टयूबवेल लगाया जाएगा, जिसमें लगभग साढ़े तीन करोड़



रुपए की लागत लगेगी।जल्द ही इसका कार्य शुरू करा दिया जाएगा।इसके साथ ही उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी लोगों से बात की।लगातार मिल रही समस्यामहापौर जहां भी जनता के बीच निरीक्षण के लिए जाते हैं, वहां जनता जो समस्या बताती है । २उसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब तलब भी किया जा रहा है।

# बाली ,इंडोनेशिया में 22 से 29 मई तक होगा विश्व हिंदी मैत्री सम्मेलन

## एक दर्जन से अधिक देशों के प्रतिनिधि लेंगे भाग, कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सहयोग

- विद्या वाचस्पति, मानद डॉक्टरेट सहित विश्व शांति सम्मान दिए जाएंगे

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। विश्व हिंदी मैत्री सम्मेलन का आयोजन 22 मई से 29 मई 2026 तक बाली (इंडोनेशिया) में किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ विश्व शांति एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुदृढ़ करना है।

इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में 16 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम को बाली की दो, भारत की तीन, श्रीलंका की एक, अमेरिका की दो तथा थाईलैंड की एक संस्था का सहयोग प्राप्त है।इससे पूर्व यह सम्मेलन नेपाल एवं थाईलैंड में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है, जहां पूर्व




राष्ट्रपति एवं राजपरिवारों का स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त हुआ था।सम्मेलन के दौरान शिक्षकों एवं हिंदी सेवियों के कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें विद्या वाचस्पति, मानद डॉक्टरेट सम्मान तथा विश्व शांति हेतु यूनाइटेड नेशन सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सहभागी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष अंतरराष्ट्रीय सम्मान भी दिया जाएगा।इस अवसर पर धरा धाम इंटरनेशनल के प्रमुख, जगत धर्म चक्रवर्ती सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय का शुभाशीष प्राप्त होगा।सम्मान हेतु नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है।

# दिनदहाड़े दो युवकों को मारी गोली, एक की मौत

## सात राउंड फायरिंग; बदला लेने के लिए किया हमला

अमन लेखनी समाचार

साइबर एक्सप्रेस मेरठ ,बदला लेने के चलते शाम 4 बजे दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई।इस हमले में असलम और शोएब गंभीर रूप से घायल हो गए।उन्हें तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। असलम को तीन गोली लगी थी। उसको दिल्ली रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी रात 10 बजे मौत हो गई।वहीं शोएब का इलाज मेरठ में ही चल रहा है। घटना नौचंदी थाना क्षेत्र के जैदी फार्म इलाके की है। नौचंदी पुलिस ने 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें आहद और आमिर सहित 4 अज्ञात पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।बता दें कि मेरठ के नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने दोपहर में ही एसएसपी पद का कार्यभार संभाला है।



कार्यभार संभालने के कुछ ही घंटों बाद शुक्रवार शाम बदमाशों ने गोलीकांड को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे दी। नए एसएसपी के चार्ज लेते ही हुई इस वारदात से कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।हालांकि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। अब जानिए पूरा मामला नौचंदी थाने से सौ मीटर की दूरी पर घर के समीप तीन हमलावरों ने असलम और शोएब को गली में घेर लिया। दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी गईं।जान बचाने के लिए शोएब भागता हुआ गली से अपने घर के अंदर घुस गया।घर के अंदर पहुंचकर हमलावरों ने शोएब के कंधे में गोली मार दी।असलम को चार गोली लगी।मरा समझकर भागे हमलावर उसे मरा समझकर ही हमलावर हथियार लहराते हुए थाने के सामने से होकर फरार हो गए।सूचना के बाद असलम और शोएब का परिवार दोनों को उठाकर लोकप्रिय अस्पताल ले गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सीओ अभिषेक तिवारी और एसपी सिटी आयुष विक्रम तथा नौचंदी पुलिस मौके पर पहुंची। असलम के परिवार की तरफ से अरशद के भाई अशद समेत परिवार पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी गई है। गोली लगने में घायल हुए असलम की हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है।जहां उसकी मौत हो गई।

गोली लगने में घायल हुए असलम की हालत को देखते हुए उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया है।जहां उसकी मौत हो गई।सिर और कंधे में लगी गोलियां फायरिंग में असलम के सिर और कंधे में तीन गोलियां लगीं, जबकि शोऐब के बाजू में एक गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।असलम को दिल्ली रेफर किया गया था।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ता रखें बैलेंस पॉजिटिव, भविष्य में हो सकता है विद्युत विच्छेदन – एसडीओ सुशील कुमार

अमन लेखनी समाचार



बड़हलगंज।क्षेत्र के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं और जिनका कनेक्शन बैलेंस नेगेटिव में चला गया है, वे तत्काल अपने नजदीकी उपकेंद्र, जन सेवा केंद्र अथवा उपखंडीय कार्यालय पर पहुंचकर रिचार्ज करवा लें। साथ ही भविष्य में अपने कनेक्शन का बैलेंस सदैव पॉजिटिव बनाए रखें, जिससे विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई से बचा जा सके। उपखंड अधिकारी बड़हलगंज श्री सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फिलहाल नेगेटिव बैलेंस होने पर विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसका उद्देश्य लोगों को स्मार्ट मीटर प्रणाली के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें समय से रिचार्ज व भुगतान के लिए प्रेरित करना है।हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में नियमों के अनुसार नेगेटिव बैलेंस पर विद्युत आपूर्ति बाधित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अधिक जानकारी एवं सुविधा के लिए अपने मोबाइल में वढढउछ रें१३ अस्रस्र डाउनलोड कर सकते हैं। ऐप में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के माध्यम से डळढ सत्यापन कर उपभोक्ता अपने बकाया बिल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा घर बैठे रिचार्ज भी कर सकते हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 - ललितपुर पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर- मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की।



विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया

# एस पी परेड की सलामी लेकर, परेड का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर- पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा परेड की सलामी ली गयी परेड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया । तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं जैसेझ शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई । डायल-112 के ढफश वाहनों निरीक्षण किया गया । निरीक्षण को दौरान वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई । पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया । त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए ।डायल-112 की पीआरवी 2909 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियो को अस्पताल पहुँचाने एवं अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त पीआरवी में तैनात अधि0/कर्म0गण को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।अर्दली रूम का अवलोकन किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन किया गया

## बलात्कार के अभियुक्त को प्रशासन ने किया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार/ अभिषेक तिवारी**

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों के ऊपर चाबुक के आधार पर जनपद के बकेवर थाना प्रभारी तुषार सिंह श्रीवास्तव ने थाने में पंजीकृत मुकदमा के आधार पर बलात्कार के आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार युवक ने बलात्कार जैसे मामलों को अंजाम दिया जिसके सापेक्ष थाना बकेवर में मुकदमा अपराध संख्या 19/2026 धारा 64(1)308 (2)/351(2) बीएनएस से संबंधित मामला दर्ज हुआ था अपराधी को थाना अध्यक्ष तुषार सिंह श्रीवास्तव ने अपने हमराही उपनिरीक्षक रमेश कुमार राय तथा अन्य आरक्षियों की सहायता से गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त 23 वर्षीय रोहित सविता पुत्र विजय शंकर सविता निवासी बिजुरी थाना बकेवर जनपद फतेहपुर को बिगत दिवस सुबह पहर बकेवर कस्बे के समीप नारायण ढाबा के पास से मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया तथा कार्रवाई की गई

## आरएसएस के हिंदू सम्मेलन में आयोजित हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

हमीरपुर।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिंदू सम्मेलन मे मुख्य वक्ता क्षेत्र प्राचारिका राष्ट्र सेविका समिति शशि दीदी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य वा समाज के प्रति हमारी विशेष जिम्मेवारियां पांच प्रण के विषय में बताई तथा संघ के कार्यकर्ता को समाज में कार्य करते समय इन विशेष बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए पहले संपर्क फिर संस्कार फिर लोकमन को परिवर्तित करने की प्रक्रिया प्रारंभ होती है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष में जीवन के हर क्षेत्र में अपने कार्य विस्तार को कर चुका है लेकिन समाज में तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है हिंदुओं की पहचान बताते हुए उन्होंने कहा कि



मानवतावादी हिंदू स्वभाव से दयालु मानवतावादी होता है लेकिन इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब-जब हिंदुओं को खत्म करने की साजिश हुई है तब तब यह समाज प्रतिकार करता हुआ पूरे सौर के साथ आगे बड़ा है दुनिया की अनेकों संस्कृतिया समाप्त हो गई लेकिन हमारी सनातन संस्कृति कालजयी बनी रही जो आज भी चलती जा रही है वही हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह महेश्वर मंदिर के मंहत त्रिभुवनदास जी महाराज ने हिंदुओं से जात-पात ऊच नीच का भेद बुलाकर सभी हिंदुओं को एक साथ रहने का आवाहन किया उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर हिंदू बटेगा तो सुरक्षित नहीं रह पाएगा कार्यक्रम का संचालन करते हुए धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य और दिव्य बन सका आप सभी इसी तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में हो रहे हिंदू सम्मेलनों एवं अन्य सभी कार्यक्रमों में सहयोग बनाए रखने का आवाहन किया कार्यक्रम में डॉक्टर अवधेश मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया इस ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन में सरस्वती शरण द्विवेदी राजेश शुक्ला संघ चालक शारदा दीन पवन विश्वकर्मा उमेश दीक्षित ने आए हुए कवियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सरस्वती वंदना महाभारत वा रामायण से संबंधित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये इन कार्यक्रमों ने सभी आए हुए श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में नगर के रमेडी बस्ती के हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या उपस्थिति रही।

## इंचौली गांव के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा कोतवाली क्षेत्र में इचौली गांव के पास 25 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वह घर से खेत जा रहा था, तभी रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मौदहा कोतवाली क्षेत्र के बाँदा-कानपुर रेलवे ट्रैक पर गांव इचौली श्यामनाला पुल के पास खेत जा रहे ग्राम नायकपुरवा निवासी 25 वर्षीय युवक श्यामलाल पुत्र जयपाल निषाद की ट्रेक से कटकर मौत हो गई। घटना के बाद उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। इचौली चौकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की पहचान होने पर परिजनों को घटना की सूचना दी ग्राम नायकपुरवा निवासी मृतक श्यामलाल के चचेरे भाई रमेश ने बताया की श्यामलाल गांव में मजदूरी व बलकट लेकर खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार को शाम छह बजे वह घर से खेत पर जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। जैसे ही वह गांव से निकली रेलवे लाइन पर पहुंचकर उसे पार करने लगा। इसी बीच सामने से कोई ट्रेन आ रही थी। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए। मृतक के माँ की बचपन ही मौत हो गई थी वही पिता जयपाल की मृत्यु भी पांच साल पहले हो गई थी मृतक अपने परिवार में सबसे बड़ा था दो भाई एक बहन है जिंसमे किसी की शादी नही हुई है अब 19 वर्षीय बहन के शादी की जिम्मेदारी छोटे भाई पर आ गई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारण स्पष्ट होंगे घटना की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने परिजनों से मांगी आवास में लगे सीसीटीवी की डीवीआर

### डीवीआर से खुलेगा चोरी का रहस्य

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी के पैतृक आवास पर हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच शुरू करते हुए आवास पर लगे सीसीटीवी की डीवीआर मांगी है। परिजन पुलिस को डीवीआर देने के लिए तैयार हो गए है। कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपीय अबान उर्फ अफान खान के पैतृक आवास में गत 4/5 फरवरी को चोरों ने घुसकर घर पर रखी लाइसेंस दोनाली बंदूक के साथ 20 तोला सोना एवं 300 ग्राम से अधिक चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए है। जानकारी होने पर आरोपी मौलाना खान की मां जेबुन्निसा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को सात फरवरी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर मांगी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि परिजन डीवीआर देने को तैयार हो गए। डीवीआर की जांच के बाद घटना की असलियत सामने आएगी

## चिकासी-मुहाना पुल बंद, सपा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमन लेखनी समाचार**

सरीला, हमीरपुर। चिकासी-मुहाना मार्ग पर स्थित बेतवा पुल के पुनर्निर्माण कार्य के चलते पुल बंद होने से क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो गया है। पुल बंद रहने से छात्र-छात्राओं, मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने एसडीएम सरीला को ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने बताया कि पुल बंद होने से लोगों को कई किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र में कई इंटर कॉलेज स्थित हैं और इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सपा नेताओं ने मांग की कि जनहित को देखते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर समीपवर्ती स्थान से अस्थायी कट खुलवाया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके एसडीएम ने ज्ञापन लेकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया इस मौके पर महिला सभा की जिला अध्यक्ष नीलम यादव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजपूत चंद्रावती वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष गोकुल राजपूत, कामता राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकारी आदेशों की अनदेखी पर मछुआरा समाज का आक्रोश, छानबे विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार की स्पष्ट अधिसूचनाओं के बावजूद मछुआरा समुदाय के संवैधानिक अधिकारों के साथ हो रहे कथित खिलवाड़ के खिलाफ अब सियासी पारा चढ़ता दिख रहा है। प्रशासन पर शासनादेशों को जानबूझकर नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए मछुआरा समाज के प्रतिनिधियों ने 96 विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती रिंकी कोल को ज्ञापन सौंपकर विधानसभा में मुद्दा उठाने की मांग की है। आरोप है कि कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या 4(1)/2002-2 (31 दिसंबर 2016), शासनादेश संख्या 117/2025/1543/26-03-2025 (16 जून 2025) तथा भारत सरकार के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय की 8 जनवरी 2022 की अधिसूचना के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद कई जिलों और तहसीलों में निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरैहा, गोंड़िया,



माझी, मछुआ जैसी जातियों को आज भी पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। मछुआरा समाज का कहना है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण) अधिनियम 1994 की धारा 13 के तहत राज्यपाल द्वारा संशोधित सूची जारी किए जाने के बाद भी प्रशासन का रवैया संवैधानिक आदेशों के खिलाफ है। इसे राज्यपाल और भारत सरकार के आदेशों का खुला उल्लंघन बताया गया है, जो दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मछुआरा समुदाय की सभी जातियों व उपजातियों को पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र जारी करने पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही शासनादेश के अनुरूप मछुआरा समाज की जनगणना अनुसूचित जाति के रूप में कराई जाए तथा मझवार और तुरैहा जातियों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष रामआसरे निषाद, विधानसभा अध्यक्ष सतीश निषाद, युवामोर्चा अध्यक्ष किसान निषाद, युवामोर्चा उपाध्यक्ष जगन निषाद, मझवां विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष छानबे देवराज बिंद एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष देवराज के नेतृत्व में सौंपा गया। प्रतिनिधियों ने विधायक से आग्रह किया कि वे इस गंभीर विषय को विधानसभा में लोक महत्व के मुद्दे के रूप में उठाकर प्रशासन से जवाबदेही तय कराएं।

## उपजिलाधिकारी व क्षैत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा (हमीरपुर) आगामी महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रविवार को मौदहा कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कस्बे के संभ्रांत नागरिकों और पर्व आयोजकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रशासन ने शिवरात्रि पर निकलने वाले पारंपरिक जुलूस और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। विशेष रूप से कस्बे के फत्तेपुर से निकलने वाले जुलूस की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान आयोजकों ने प्रशासन के सामने फत्तेपुर मंदिर परिसर का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शिकायत की कि मंदिर परिसर में कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है। आयोजकों ने मांग की है कि पर्व से पहले इस अवैध कब्जे को हटाया जाए ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में मौजूद उपजिलाधिकारी ने कड़े तेवर दिखाते हुए सख्त हिदायत दी कि जुलूस के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति शराब का सेवन करते या नशे की हालत में पाया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी, 8सी तरह क्षेत्राधिकारी ने कहा कि जुलूस में पटाखेबाजी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यदि कोई पटाखे चलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाली में संपन्न हुई इस बैठक में नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने सुझाव रखे और प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने अंत में सभी से अपील की कि पर्व को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सोनभद्र पुलिस का व्यापक महिला-बालिका जागरूकता अभियान

### महिला सुरक्षा, साइबर सतर्कता एवं आत्मरक्षा को लेकर जनपद भर में सघन जनजागरूकता।

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में व्यापक एवं प्रभावी जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा, सतर्कता एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी–मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की



मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को महिला उत्पीड़न से बचाव, गुड टच-बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों, साइबर अपराध के नवीन तरीकों, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में सरल, प्रभावी एवं संवादात्मक तरीके से जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से यह बताया गया कि साइबर अपराधी अक्सर डर, लालच एवं झूठे प्रलोभनों के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। अतः किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, संदेश अथवा ओटीपी को साझा न करने तथा किसी भी शंका की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।

## चोपन पुलिस को बड़ी सफलता

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार, तीन बाइक व एक स्कूटी बरामद।

**अमन लेखनी समाचार**

चोपन/सोनभद्र - स्थानीय पुलिस को अपराध नियंत्रण के अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तीन अदद मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शनिवार को मुखबिर खास की सूचना पर बग्घा नाला पुलिया के पास से अभियुक्त मस्तू पुत्र सफीउल्ला उम्र लगभग 36 वर्ष एवं राकेश चौबे पुत्र अवधेश चौबे उम्र लगभग 23 वर्ष, दोनों निवासी डाला शीतला मंदिर के पास, थाना चोपन, को गिरफ्तार किया



गया। अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद मोटरसाइकिल एवं एक अदद स्कूटी बरामद की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे दोनों मिलकर मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। कुछ दिन पूर्व डाला शीतला मंदिर के पास से दो मोटरसाइकिल तथा राबर्ट्सगंज से अस्पताल कॉलोनी लोढ़ी क्षेत्र से एक स्कूटी चोरी की थी। इस संबंध में थाना चोपन पर बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## केंद्रीय बजट 2026-27 देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाने वाला ऐतिहासिक बजट : रमापति राम त्रिपाठी

**अमन लेखनी समाचार**

बस्ती / भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, बस्ती में केंद्र/प्रदेश बजट 2026-27 के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र द्वारा की गई। इस अवसर पर अभियान संयोजक चंद्रशेखर मुन्ना सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय बजट 2026-27 के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बजट को युवा, किसान, महिला, गरीब एवं मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला बताया गया। साथ ही इसे विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने वाला बजट बताया गया। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, रोजगार सृजन, उद्योग विस्तार, डिजिटल और तकनीकी क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्य अतिथि रमापति राम त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट की सोच पर आधारित है और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, टरटए और कृषि क्षेत्र में बड़े निवेश से युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि फिस्कल अनुशासन के साथ विकास को संतुलित करने की नीति इस बजट को मजबूत और दूरदर्शी बनाती है। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि यह बजट उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति देने वाला है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार, लॉजिस्टिक नेटवर्क, टरटए ग्रोथ फंड और कृषि में अक आधारित तकनीक से प्रदेश के युवाओं, किसानों और उद्यमियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हर जिले में गर्ल्स हॉस्टल, शिक्षा और स्किल विकास योजनाएं तथा अश्‍ऋ्रउ लैब की स्थापना से युवाओं को भविष्य की तकनीकी नौकरियों के लिए तैयार किया जाएगा। प्रेस वार्ता में बजट को जनहितकारी, विकासोन्मुखी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पत्रकारों द्वारा बजट से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए, जिनका विस्तार से उत्तर दिया गया।

## बाइक सवार को बचाने में पल्टी पुलिस की जीप, होम गार्ड की मौत

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दिनेश कुमार पुत्र मइयादीन, निवासी ग्राम बरौली खरका, थाना चिकासी (उम्र लगभग 30 वर्ष) की रात्रि में अधिक ठण्ड लग जाने के कारण मृत्यु हो गई है उक्त सूचना पर थाना चिकासी पुलिस द्वारा पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु उ0नि0 मोहित देव, का0 महेन्द्र कुमार व हो0गा0 बृजेन्द्र कुमार सरकारी वाहन संख्या यूपी 91 जी 0145 से सीएचसी राठ के लिए रवाना हुए पंचायतनामा की कार्यवाही उपरान्त जब उक्त पुलिस बल सरकारी वाहन से वापस थाना चिकासी आ रहे थे, तभी उरईझराठ मार्ग पर ग्राम चुरहा से लगभग 03 किमी0 पूर्व, थाना जरिया क्षेत्र में अचानक वाहन के सामने मोटरसाइकिल सवार आ जाने के कारण उन्हें बचाने के प्रयास में सरकारी वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया उक्त दुर्घटना में उ0नि0 मोहित देव व हो0गा0 बृजेन्द्र कुमार को गंभीर चोटें आईं। दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी गोहाण्ड पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा हो0गा0 बृजेन्द्र कुमार को मृत घोषित कर दिया गया उ0नि0 मोहित देव की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल उरई के लिए रेफर कर दिया गया है मृतक हो0गा0 879 बृजेन्द्र कुमार पुत्र बाबूराम, निवासी ग्राम रिहुंटा, थाना चिकासी, जनपद हमीरपुर, कंपनी गोहाण्ड के पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है प्रकरण में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

## 13 फरवरी से होगा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया है कि सोशल आडिट टीम सदस्य के पैनल गठन हेतु चयन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम मे आवेदकों के साक्षात्कार हेतु विकास खण्डवार निर्धारित तिथियों मे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विकास भवन मे लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को विकास खण्ड अहिरोरी, 16 फरवरी बावन, 17 फरवरी हरियावां, 18 फरवरी सुरसा, 19 फरवरी टड़ियावां, 20 फरवरी पिहानी, 23 फरवरी कछौना, मल्लावां, 24 फरवरी सण्डीला, 25 फरवरी बिलग्राम, 26 फरवरी माधौगंज, 27 फरवरी साण्डी, 28 फरवरी हरपालपुर, 06 मार्च शहाबाद, 09 मार्च टोडरपुर, 10 मार्च कोथावां, 11 मार्च भरावन, 12 मार्च बेहंदर तथा 13 मार्च को भरखनी ब्लाक के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार विकास भवन कक्ष संख्या 23 मे लिया जायेगा

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**अमन लेखनी समाचार**

मौदहा (हमीरपुर) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा में नवविवाहिता ने शनिवार को साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी अंकित तिवारी की 24 वर्षीय पत्नी आशादेवी ने शनिवार दस बजे घर मे टीनशेड में लगी बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली पति अंकित घर के अंदर आया तो देखा कि पत्नी आशा साड़ी के फन्दा बनाये लटकी है तो उसे आनन फानन में नीचे उतारा और देखा कि उसकी साँसे थम चुकी है तो वह चिल्ला कर रोने लगा जिस पर उसके मुहल्ले के लोग आ गए इसके बाद पत्नी के मौत की सूचना अपनी ससुराल में दी जहां से उसके भाई और परिजन आ गए आशादेवी के मायके से आये उसके भाई विनय त्रिपाठी ने बताया कि हमारी बहन की हत्या की गई है क्योकि दस बजे की मरी और हमे सूचना 12बजे दी जाती है और इतनी देर होने के बाद भी इन्होंने पुलिस को सूचना नही दी गई है अब आगे की कार्यवाही हम पोस्टमार्टम कराने के बाद करेंगे कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह का कहना है कि घटना की जांच कराई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बीमारी से जूझ रही 15 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

कासिमपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में बीमारी से जूझ रही 15 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोसी गांव के एक युवक ने बालिका को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, एक पैर से दिव्यांग और बीमारी से पीड़ित बालिका शुक्रवार देर शाम अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस के गांव का आदतन नशेड़ी युवक अमरपाल सिंह उर्फ नान-नान उसे बहला-फुसलाकर घर से करीब 100 मीटर दूर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया।पीड़िता ने पूरी घटना घर आकर अपनी मां से बताया उसकी मां ने तत्काल डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस बुलाई। घटना की सूचना मिलते ही कासिमपुर इंस्पेक्टर घनश्याम राम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। देर रात पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक अमरपाल सिंह उर्फ नान नान के विरुद्ध पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मामला पंजीकृत कराया। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



{ आवरण कथा / सरस्वती रमेश }

कई सदी पहले कबीर ने कहा था, 'ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय।' वास्तव में यह शब्द और इसमें निहित मनोभाव इतना गहन, इतना विराट है कि जिसकी थाह आज तक कोई नहीं लगा पाया। लेकिन जो भी इस सुंदरतम भाव को अपने मन में संजोता है, उसका जीवन आनंद से भर उठता है। इसकी पराकाष्ठा में वह स्वयं विलीन होकर भी सब कुछ प्राप्त करने की अनुभूति करने लगता है। यही वजह है कि व्यष्टि से जन्मा प्रेम समष्टि से एकाकार हो जाता है।

# जीवन का गहनतम सुंदरतम मनोभाव प्रेम

यह सही है कि बीते कई वर्षों से वैलेंटाइन-डे का क्रेज इतना बढ़ गया है कि इस वजह से पूरे फरवरी को प्रेम का महीना माना जाने लगा है। इसकी आहट के साथ ही बाजार, प्रेम के प्रतीकों से सज जाते हैं। उपहार और गुलाबों की भरमार हर ओर दिखाई पड़ने लगती है। सवाल है, क्या वास्तव में प्रेम का उपहार और बाजार से कोई लेना-देना होता है? सदियों पहले कबीर दास जी कह गए हैं-

प्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाई।
राजा परजा जेहि रुचे, सीस देहि ले जाई।।

वे कह गए हैं कि प्रेम का बाजार से कोई लेना-देना नहीं होता है। सच्चा प्रेम न तो खेत में और न ही भौतिक वस्तुओं से उपजता है। प्रेम तो आत्म बलिदान मांगता है। प्रेम एक सघन-गहन भावना है। इसकी खरीदी-बिक्री नहीं हो सकती। इसकी तो बस अनुभूति की जा सकती है, हृदय के गहनतम अंतःस्थल में। बाजार सिर्फ छलावा और दिखावा को पोषित करता है, प्रेम को नहीं।

## गहन-असीमित है प्रेम में निहित भाव

प्रेम की संकल्पना इतनी विस्तृत और गहन होती है कि इसे किसी भाषा में मुकम्मल रूप में व्यक्त कर पाना संभव ही नहीं है। ढाई अक्षर के प्रेम शब्द की व्याख्या करने बैठो तो समुद्र की सीमाएं कम पड़ जाएं, आकाश का विस्तार बौना जान पड़े। प्रेम का स्वरूप असीम है। प्रेम की संकल्पना जितनी सरल लगती है, उतनी गूढ़ भी है। गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, प्रेम को एक अबूझ रहस्य कहते थे, क्योंकि इसे समझाने का कोई जरिया नहीं है। इसे तो वही समझ सकता है, जिसने स्वयं प्रेम किया हो। प्रेम में आत्म का बलिदान किया हो। जैसे राधा ने किया, मीरा ने किया। राधा-कृष्ण के प्रेम के गूढ़ रहस्य की व्याख्या सबने अपने-अपने तरीके से की है। युगों पहले दोनों वृंदावन की गलियों में शरीर रूप में उपस्थित रहे, पर वास्तव में दोनों का प्रेम आलौकिक, अशरीरी रहा। इसमें ना मिलन की चाह थी, ना सदैव साथ रहने की कोई इच्छा। सिर्फ स्वीकार्य भाव। कृष्ण का राधा के प्रति। राधा का कृष्ण के प्रति। राधा जानती थीं कि श्रीकृष्ण अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। इसीलिए उनका प्रेम कृष्ण के पथ का कभी रुकावट नहीं बना। उनका प्रेम तो आत्मा के देवालय में प्रज्ज्वलित दीपक समान शाश्वत है। हर वक्त, हर परिस्थिति में दिपदिपा रहा है। श्रीकृष्ण के साथ रहते हुए भी और कृष्ण से दूर रहकर भी। इसकी दीप्ति में कोई कमी नहीं आती। असल में प्रेम वही है, जिसमें कोई चाह ना हो। कोई शर्त ना हो। जहां चाहना और शर्तें आईं, वहीं प्रेम व्यापार हो गया। 'तुम मुझे प्रेम करो, क्योंकि मैं तुमको प्रेम करता हूं।' जहां यह भाव आता है, वहां प्रेम सौदा बन जाता है। उसका सौंदर्य मलिन हो जाता है। प्रेम तो प्रियतम की आत्मा का विस्तार है, जिसमें अंत में प्रियतमा को भी विलीन हो जाना है। जैसे गोपियां श्रीकृष्ण के प्रेम में विलीन हो गईं। जैसे हीर, रांझा के प्रेम में विलीन हो गई। *'रांझा-रांझा करदी वे, मैं आपे रांझा होई।'*

## प्रेम में चालाकी नहीं चलती

प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति के कण-कण में प्रेम रचा बसा हुआ है। प्रेम को सबसे पवित्र भावना माना गया है। प्रेम के बल पर ईश्वर को भी जीता जा सकता है। लेकिन प्रेम में चालाकी का कोई स्थान नहीं। प्रेम, स्वार्थ, गणना और छल से परे एक पवित्र भाव है। जहां चालाकी आ जाती है, वहां विश्वास का क्षय होता है और प्रेम व्यापार बन जाता है। सच्चा प्रेम न तो लाभ देखता है, न ही हानि। वह निःस्वार्थ, निष्कपट और समर्पित होता है। चालाक व्यक्ति प्रेम को अपने हित के



लिए साधन मानता है, जबकि प्रेम स्वयं में साध्य है। इसलिए प्रेम तभी शुद्ध, दीर्घकालिक और स्थायी रह सकता है, जब उसमें ईमानदारी, पारदर्शिता और सच्चाई हो। घनानंद कह गए हैं-

अति सूधो सनेह को मारग है,
जहां नेकु सयानप बांक नहीं।

## प्रेम से उपजते हैं जीवन मूल्य

प्रेम हमारे जीवन का सबसे उदात्त और शाश्वत मूल्य है। यह जीवन का मूल आधार है। मनुष्य को मनुष्य बनाए रखने के लिए कुछ जीवन मूल्यों की आवश्यकता होती है। ये जीवन मूल्य प्रेम से ही उपजते हैं। प्रेम कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहने की शक्ति देता है। जीवन के महानतम उद्देश्य भी प्रेम के अभाव में अधूरे व निरर्थक सिद्ध होते हैं। प्रेम वह रोशनी है, जो जीवन को अर्थ व दिशा प्रदान करता है। देखा जाए तो सृष्टि के कण-कण में प्रेम समाहित है। सुबह की लालिमा, बारिश की रिमझिम बूंदें, वासंती हवाएं, फूलों में बसी सुगंध और नदियों के कल कल निर्मल प्रवाह के जरिए प्रकृति हर ओर प्रेम का संदेश प्रवाहित करती है। प्रेम वह शक्ति है, जिससे यह सृष्टि परिचालित होती है, जिसने अब तक मनुष्यता को बचा कर रखा है।

## कम न हो प्रेम की महत्ता

जीवन में प्रेम का महत्व एक गहन सत्य है। प्रेम का कोई स्थानापन्न नहीं है। पूरा ब्रह्मांड प्रेम की असीम ऊर्जा व अदृश्य डोर से बंधा हुआ है। लेकिन बीते कुछ दशक से प्रेम के मूलाधार में कुछ अशक्तता आई है। विश्वास, करुणा, बलिदान, समर्पण जैसे भावों में संकुचन दिखलाई पड़ा है। नित्यप्रति एकाकी होती व स्व में सिमटती जा रही दुनिया के लिए प्रेम के विस्तार को जानना, समझना आज और भी आवश्यक हो गया है। *



### विज्ञान की नजर में प्रेम

प्रेम, दुनिया की सबसे कोमल लेकिन सबसे शक्तिशाली भावना भी है। एक खूबसूरत पर जीवन का रूपांतरण करने वाला अहसास है प्रेम। इस अहसास को विज्ञान अपने नजरिए से व्याख्यायित करता है। विज्ञान कहता है कि हमारे हृदय में प्रेम की चिंगारी जलाने के लिए डोपामाइन हार्मोन जिम्मेदार है। जब हम किसी के प्रति अपनापन महसूस करते हैं, उससे गले मिलते हैं तो हमारे शरीर में ऑक्सीटोसिन नामक हार्मोन भी निकलता है। वहीं दिल की धड़कन बढ़ने पर एड्रेनेलिन नामक हार्मोन निकलता है। इन हार्मोंस के अधिक मात्रा में निकलने के कारण व्यक्ति को विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण या अपनेपन की भावना महसूस होती है। यही हार्मोंस दिमाग में प्यार का अनुभव कराते हैं। हालांकि मनोवैज्ञानिक यह मानते हैं कि प्रेम को सिर्फ हार्मोन के जरिए समझाना आसान नहीं है, क्योंकि प्रेम में जितनी इनकी भूमिका होती है, उतनी ही आपसी समझ, देखभाल, त्याग, भरोसा और भावनात्मक लगाव की भी भूमिका होती है। हार्मोन का काम तो कुछ देरी का होता है। लेकिन भावनाएं लंबे समय तक काम करती हैं और एक-दूसरे से जोड़कर रखती हैं। जिस तरह शरीर के लिए भोजन, पानी और गतिशीलता की जरूरत होती है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क के लिए प्रेम की।

# शोर कम-समझ ज्यादा
# बदल रहे प्यार के मायने

भले ही एक वर्ग के लिए वैलेंटाइन-डे प्रेम के इजहार और उल्लास का पर्व है। लेकिन युवाओं में ही एक वर्ग ऐसा भी है, जो प्यार के इस उत्सव को भी सहजता से मनाता है। उनके लिए प्रेम, दिखावा नहीं साझेदारी और समझदारी का रिश्ता बन चुका है।


{ नया दौर / डॉ. अनिता राठौर }



सुबह के 7 बजे हैं। एक छोटे से फ्लैट में दो लोग रोज की तरह अपने अपने लैपटॉप खोलकर दिन की शुरुआत करने लगते हैं। जबकि उस दिन 14 फरवरी है यानी, प्रेम का दिन, वैलेंटाइन-डे। लेकिन आस-पास न कहीं गुलाब है, न कोई मोमबत्ती है और न आपस में कोई फिल्मी डायलॉग बोले जाते हैं। हां, टेबल पर रखी दो कप चाय और एक-दूसरे की तरफ बढ़ा हुआ हल्का-सा मुस्कुराता चेहरा। आप भले न यकीन करें, लेकिन सच है कि परिपक्व सोच रखने वाले बहुत से युवा युगलों का प्यार, शांत-सजग-व्यावहारिक और भरोसे से भरा हुआ हो चुका है। आज का प्यार, दो दशक पहले जैसा नहीं रहा। यानी, एक वर्ग के लिए प्रेम ने अपना रूप बदला है। लेकिन गहराई नहीं खोई। प्रेम अब दिखावे से निकलकर समझदारी, व्यावहारिकता और लाइफस्टाइल के संग आ गया है। इसमें मानसिक सुरक्षा भी पहले से कहीं ज्यादा शामिल हो चुकी है।

## अब भावना नहीं साझेदारी

आज की समझदार पीढ़ी के पास प्यार को सिर्फ फीलिंग के रूप में देखने की न तो जरूरत है और न ही इतनी फुर्सत। उनके लिए प्यार, साझेदारी का नाम है। जीवन की जिम्मेदारियों का नाम है। मिलकर उठाई जाने वाली जिम्मेदारियां। इसलिए आज के कपल मिलकर करियर की योजना बनाते हैं। खर्च और बचत पर खुलकर बात करते हैं। घरेलू और बाहरी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से बांटना स्वीकार करते हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। आज के समय में, 'तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?' से ज्यादा यह अहम हो गया है, 'हम एक-दूसरे के लिए कितने भरोसेमंद हैं?'



## स्पष्टता है सबसे बड़ी खूबी

आज कपल्स के प्यार में जितनी स्पष्टता है, इतनी पहले कभी नहीं रही और यही आज के प्यार की सबसे बड़ी खूबी है। कपल अब यह कहने से नहीं डरते कि वो चाहते क्या हैं और साफ-साफ बताते हैं कि वो क्या नहीं चाहते? मसलन- उन्हें शादी करनी है या नहीं। बच्चे चाहिए या नहीं। एक-दूसरे के लिए कितना स्पेस चाहिए और सबसे बड़ी बात यह है कि वो किस तरह का जीवन जीना चाहते हैं? याद रखिए, यह स्पष्टता रिश्तों को तोड़ती नहीं है बल्कि ज्यादा मजबूत बनाती है, क्योंकि भ्रम पर टिके रिश्ते बहुत जल्दी थक जाते हैं और सच्चाई के सहारे आगे बढ़ने वाले रिश्ते दूर तक जाते हैं।

## अब प्यार का हिस्सा है मेंटल हेल्थ

आज के युवा इस बात को भली-भांति जानते हैं कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि शारीरिक। इसलिए अब पार्टनर्स एक-दूसरे की थकान को समझते हैं। एंग्जाइटी और तनाव पर बिना झिझक खुलकर बात करते हैं और जरूरत पड़ी तो प्रोफेशनल्स की मदद लेने से न झिझकते, न कतराते हैं। आज के युवा एक-दूसरे से बड़ी सहजता से कहते हैं, आज मेरा मन ठीक नहीं है। क्योंकि वो जानते हैं कि उनके इस वाक्य को गलत शब्द और संदर्भ में नहीं लिया जाएगा। पुरानी पीढ़ी के लोग भले टेक्नोलॉजी को कितना कोसते हों, लेकिन युवाओं के लिए टेक्नोलॉजी अलगाव का नहीं जुड़ाव का माध्यम है। भले पुरानी पीढ़ी के लोग मानते हों कि मोबाइल और इंटरनेट रिश्तों का दुश्मन है। लेकिन आज के दौर में प्यार करने वाले युवा इस बात से कतई सहमत नहीं हैं। इसलिए वो वीडियो कॉल के साथ भी खाना खाते हैं। एक-दूसरे को वॉयस नोट्स भेजते हैं, उनकी प्लेलिस्ट साझा होती है और हां, ऑनलाइन कैलेंडर में डेट-नाइट भी फिक्स करते हैं। उनके लिए टेक्नोलॉजी केवल टाइम पास का जरिया नहीं दिलों की दूरी कम करने के नए रास्ते भी खोलती है।

## बराबरी है रिश्तों की बुनियाद

आज के प्रोफेशनल युवा यह मानते हैं कि रिश्ता मालिकाना हक नहीं बराबरी का संबंध है, इसलिए बिना झिझक और बिना किसी हैंगओवर के घरेलू काम दोनों मिलकर करते हैं। सारे फैसले मिलकर लेते हैं। एक-दूसरे के करियर को बराबर का सम्मान देते हैं। आज के युवाओं के बीच 70 के दशक की फिल्मों के यह डायलॉग शायद ही कहीं सुनने को मिलते हों, 'मैं तुम्हारे बिना कुछ नहीं हूं।' बल्कि इसकी जगह आज यह डायलॉग आम है, 'मैं तुम्हारे साथ और बेहतर बनता-बनती हूं।' आज के प्यार की मजबूती सेल्फ लव है, क्योंकि अब नई पीढ़ी को यह बात बहुत अच्छी तरह से समझ में आती है कि खुद से प्यार करना स्वार्थ नहीं, प्यार की समझ होना है। इसलिए आज के युवा अपने शौक के लिए समय निकालते हैं, अपने रिश्तों की सीमाएं तय करते हैं और हर वक्त उपलब्ध रहने की मजबूरी से दूर रहते हैं। क्योंकि जब कोई खुद संतुलित होता है, तभी किसी रिश्ते में स्वस्थ योगदान दे पाता है।



लब्बोलुआब यह कि आज वैलेंटाइन-डे केवल गिफ्ट्स एक्सचेंज का दिन नहीं रहा। यह समझदारी भरी बातचीत का दिन है, यह एक-दूसरे को ध्यान से सुनने का दिन है, यह भविष्य की योजनाएं साझा करने का दिन है और यह आभार जताने का भी दिन है। आज के युवा इस दिन साथ बैठकर एक-दूसरे के लिए प्यार और मनुहार के गीत नहीं गाते, अपने साझा लक्ष्य तय करते हैं। फाइनेंशियल प्लानिंग बनाते हैं, क्योंकि प्यार की नई भाषा और नई परिभाषा यही है। *



{ कविता / आरती आस्था }

## प्रेमानुभूति

मुझे नहीं आता
करना प्रेम
बांधकर इसे सीमाओं में
सच कहूं तो
करने-कराने जैसी शय भी
लगी नहीं मुझे कभी प्रेम
प्रेम तो नाम है बिखरने का
खुद को बिखराने का
कितना भी बिखरो इसमें
बिखराओ भी चाहे जितना
करते रहते हैं हम
प्रेमानुभूति से
समृद्ध-संपन्न-संपूर्ण
खुद को ही।

{ व्यंग्य / अंशुमाली रस्तोगी }

# इश्क की शमा जलाए रखिए

इधर कुछ दिनों से नेगेटिव होना-सोचना कतई छोड़ दिया है मैंने। ज्यादातर पॉजिटिव ही रहता हूं। देश-दुनिया की फिक्र उतनी ही करता हूं, जितना मेरा दिमाग इजाजत दे। मूड को कूल रखता हूं। दिल बहलाने के लिए, कभी-कभार, पूर्व प्रेमिका के खतों को पढ़ लिया करता हूं। उसके भेजे वैलेंटाइन-डे के कार्ड्स आज भी मन में उमंग भर देते हैं। क्या जमाना था वो। तब न सोशल मीडिया की लत थी, न गैजेट्स का शोर। सुकून के साथ इश्क का इजहार भी हो जाता था और इनकार भी। न किसी के खत वायरल होते थे, न किसी की इज्जत खराब होती थी। हां, जिनके दिल टूटते थे, वे खुद से ही जोड़ भी लेते थे। वो छत और गली-मोहल्ले वाला इश्क रह-रहकर दिल को उसी खुशनुमा दौर में लिए जाता है। खैर, आज के दौर में तो वैलेंटाइन-डे सोशल मीडिया पर शुरू होकर यहीं खत्म हो जाता है। इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप पर इजहार हो जाता है और यहीं इनकार भी। अब स्क्रीनशॉट वायरल होते हैं। वर्चुअल लड़ाई-झगड़े होते हैं। फिर कब, कौन, कहां, किसके साथ डेट पर चल देता है, कुछ पता ही नहीं चलता। लंबे मगर खूबसूरत इश्क शायद ही निभाए या चल पाते हों अब।

बदलते दौर को देख मैंने भी अब खुद को लगभग बदल लिया है। एआई की शरण में हूं। उससे पूछ रहा हूं कि 'नई प्रेमिका संग वैलेंटाइन-डे कैसे मनाऊं?' एआई बता रहा है, 'पहले उसको व्हाट्सएप पर अच्छा-सा मैसेज लिखो। फोन पर रोमांटिक बातें करो। शाम का टाइम फिक्स कर साथ कॉफी पीना तय करो। हां, साथ एक बुके जरूर ले जाना। इतने से ही आपका दिन बन जाएगा।' प्रेमिका चूंकि नए जमाने की है। उसके नाज-नखरे कुछ अलग हैं। दिल पर तुरंत ले लेती है। अटेंशन पूरी चाहती है। इश्क को कविता की मानिंद लेती है। इसलिए ध्यान भी खास रखना पड़ता है। नया-नया मामला है। नहीं चाहता वैलेंटाइन-डे पर पानी फिर जाए।

साथी लोग समझाते हैं, इस उम्र में तुम्हें इश्क में नहीं पड़ना चाहिए। मैं उनसे पूछता हूं, 'क्यों? इश्क की कोई उम्र नहीं होती। जब दिल चाहे इश्क कीजिए। एक से कीजिए या अनेक से, यह निर्भर आपकी जिंदादिली पर। यों भी, इश्क करते रहने से उम्र बढ़ती ही है, कम नहीं होती। इश्क दिल-दिमाग को मजबूत बनाता है। इश्क में नमक भी होता है मिठास भी। वैलेंटाइन बाबा इस हकीकत को बहुत अच्छे से जानते-समझते थे।'



नेगेटिविटी का साथ छोड़ पॉजिटिव बनिए। जितना पॉजिटिव रहेंगे, उतना ही इश्क परवान चढ़ेगा। मैं पॉजिटिविटी का दामन थामे हुए हूं। तकनीक के साथ पॉजिटिव वैलेंटाइन मनाने में यकीन रखता हूं। माना कि इश्क करने के मायने-तरीके बदल चुके हैं अब, पर जज्बा तो साथ है न। काफी है। अकसर सोचता हूं, जिनकी प्रेमिकाएं नहीं होतीं, उनका जीवन कितना नीरस रहता होगा? न कोई रोमांस, न कोई उमंग, न कोई टशन। वैलेंटाइन-डे आए या चला जाए उनकी सेहत पर क्या फर्क!

पुनः कह रहा हूं, इश्क की शमा दिल में जलाए रखिए। शाम होने का इंतजार न कीजिए। जीवन जितना मिला है, इश्क के हवाले कर दिमाग को स्ट्रेस-फ्री रखिए। प्रेमिका के लिए शेर कहते रहिए। कविताएं लिखते रहिए। हर वैलेंटाइन साथ जुड़े रहिए। इश्क का रंग गाढ़ा होता रहेगा, यकीन मानिए। और हां, इश्क के साथ अक्ल कतई न लगाएं। अक्ल इश्क की नजाकत का मजा किरकिरा कर देती है।

बकौल अकबर इलाहाबादी साहब-
इश्क नाजुक-मिजाज है बेहद
अक्ल का बोझ उठा नहीं सकता। *

{ लघुकथा / डॉ. अलका जैन 'आराधना' }

# सच्चा प्यार



शहर की भाग-दौड़ और वैलेंटाइन-डे के शोरगुल से दूर, माधव अपने बगीचे में लगे उन पौधों को निहार रहे थे, जो वसंत की दस्तक से खिलखिला उठे थे। तभी उनकी पत्नी सावित्री, रसोई से अदरक वाली चाय लेकर बरामदे में आईं और हल्की मुस्कान के साथ माधव को चाय का प्याला थमाते हुए वहीं बैठ गईं।

तभी घर के दरवाजे की घंटी बजी। उनका बेटा और बहू हाथ में फूलों का एक बड़ा गुलदस्ता और केक लेकर भीतर आए। उन्होंने उत्साह में कहा, 'हैप्पी वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा!' माधव और सावित्री ने एक-दूसरे की ओर देखा। उनकी आंखों में एक-दूसरे के प्रति अगाध सम्मान था। बहू ने उत्सुकता से पूछा, 'पापा जी, आप आज मम्मीजी को क्या गिफ्ट दे रहे हैं?'

माधव ने अलमारी के दराज से एक पुराना, पीला पड़ चुका लिफाफा निकाला और सावित्री के हाथों में पकड़ा दिया। जब सावित्री ने उसे खोला तो उसमें उन तमाम जगहों की सूचियां और प्यारी तस्वीरें थीं, जहां वे पिछले चालीस सालों में साथ घूमने गए थे। माधव ने गरिमापूर्ण स्वर में कहा, 'मेरा उपहार उन हसीन पलों से जुड़ी वो यादें हैं सावित्री, जो हमने एक-दूसरे के साथ बिताई थीं।' यह देख-सुनकर सावित्री की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। उनके बेटे-बहू को एहसास हो गया कि सच्चा प्यार क्या होता है! *

{ पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण }

# प्रेम कथा अनंता

जिस तरह से ईश्वर और उसकी कथा का कोई अंत नहीं है, उसी तरह प्रेम की कथा भी अनंत है। यही वजह है कि विश्व साहित्य में आरंभ से ही प्रेम पर असंख्य कविताएं और कहानियां लिखी जाती रही हैं, लेकिन यह सिलसिला आज भी अनवरत जारी है। हिंदी जगत की अनेक पत्रिकाएं भी प्रेम पर केंद्रित विशेषांक निकालती रही हैं। इसी क्रम में 'निकट-43' का ताजा अंक आत्मकथात्मक प्रेमकथा विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता तो यही है कि इसमें छपी सभी प्रेम कहानियां आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई हैं। यही वजह है कि इसमें प्रकाशित कहानियों में प्रेम, रचनाकार के आत्म से संपृक्त, बहुत सांद्र रूप में प्रकट हुआ है। इसमें कुछ आलेखों, कविताओं, एक संस्मरण और तेरह प्रेम कहानियों के अलावा संपादक कृष्ण बिहारी की लंबी कहानी 'एक शिकायत विहीन प्रेमकथाः अनागत' भी मौजूद है। अधिकांश कहानियां हमें एंद्रिकता से बहुत दूर प्रेम के देखे-अनदेखे भावजगत की ऐसी यात्रा पर ले चलती हैं, जहां प्रेमी और प्रेमिका के भीतर कुछ पाने की लालसा नजर नहीं आती है। वे सिर्फ एक-दूसरे के संग होने, हासिल पलों के जीने को ही प्रेम का प्रतिफल मान लेते हैं। प्रियंवद और जया जादवानी की कहानियां प्रेम को अलग ही कोण से प्रकट करती हैं तो कृष्ण बिहारी की कहानी प्रेम का नया व्याकरण रचती है। इनके अलावा कल्पना मनोरमा, पंकज सुबीर, कविता विकास, लता शर्मा और पूनम मनु की कहानियां भी अपने भावभीने कथानक और मुलायमियत भरी अभिव्यक्ति से मन में ठहर जाती हैं। अन्य कहानियां भी बेहद पठनीय हैं। ये कहानियां साबित करती हैं कि हिंसा और युद्ध की विभीषिका से आक्रांत आज के विश्व में मनुष्यता को बचाए रखने की सामर्थ्य केवल प्रेम में ही है। *




पत्रिकाः निकट-43 (आत्मकथात्मक प्रेमकथा विशेषांक), संपादकः कृष्ण बिहारी, मूल्यः 50 रुपए